हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 28.1 डिग्री
न्यूनतम 13.2 डिग्री

### स्मार्ट पोल में महिलाओ की आपात सुरक्षा के लिए पैनिक बटन

स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से शहर के प्रमुख मार्गो पर महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट पोल में पैनिक बटन लगाए गए, ताकि आपात परिस्थिति मुसीबत में फंसी महिला इस बटन को दबाकर पुलिस की मदद ले सके। दर्जनभर से ज्यादा जगहों पर लगाए गए पैनिक बटन देखरेख के अभाव में बंद पड़े हैं। स्मार्ट पोल केवल नाम का रह गया।

# योजनाएं केवल उद्घाटन के लिए खुलीं, नेताओं के फोटो लगे फिर हो गईं बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

शहरी सरकार ने राजधानीवासियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए आधा दर्जन योजनाओं पर काम शुरू कराया, यह योजनाएं केवल उद्घाटन के लिए खुलीं। नेताओं के फोटो भी फ्लैश हुए पर कुछ दिन बाद जनहितैषी योजनाएं सिमट कर रह गईं, जबकि दावा ये किया गया कि गरीब व मध्य वर्ग के लिए बनाई योजना मील का पत्थर साबित होगी। हरिभूमि ने इसकी पड़ताल की, तो धरातल पर स्थिति इसके उलट मिली।

### महिलाओं को स्वावलंबी बनाने बर्तन बैंक योजना

नगर विकास में महिलाओं की प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित करने नगर निगम के 10 जोन में बर्तन बैंक व झोला बैंक खोला गया। इसका संचालन महिला स्वसहायता समूह के माध्यम से होना तय हुआ। बर्तन बैंक में शादी-ब्याह, पारिवारिक व धार्मिक कार्यक्रम के लिए किफायती दर पर लोगों को किराये में थाली, गिलास, कटोरी, गंज, कड़ाही और गैस चूल्हा उपलब्ध कराने की व्यवस्था बनाई गई। 10 जोन में से 9 जोन में बर्तन बैंक की योजना की शुरुआत हुई। प्लास्टिक कचरा से लोगों को निजात दिलाने के मकसद से संचालित योजना में महिला समूह को हौसला अफजाई करने नगर निगम के विभिन्न कार्यक्रमों में इन्हें मौका देना था, पर ऐसा नहीं हुआ और प्रचार-प्रसार के अभाव में जन हितैषी योजना कुछ माह बाद दम तोड़ गई। हालत ये रही 9 जोन में से 8 जोन में बर्तन बैंक काम सिमट कर रह गया, जबकि 1200 रुपए में गरीब व मध्य वर्ग परिवार को जरूरत के समय किराये में गैस चूल्हा से लेकर थाली, कटोरी, गिलास, गंज व कड़ाही तक आसानी से मिल जाती थी।

## शहरी सरकार की आम आदमी की सहूलियत के लिए शुरू कराई गई योजना




### विरासत से परिचित कराने हैरिटेज वॉक योजना

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और नगर निगम के प्रयास से बाहर से आने वाले आगंतुकों और शहरवासियों को ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराने हैरिटेज वॉक की योजना शुरू की गई। बूढ़ातालाब परिक्रमा पथ में बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर होते हुए शीतला माता मंदिर, पुरानी बस्ती स्थित ऐतिहासिक महामाया मंदिर, नागरीदास मंदिर, जैतूसाव मठ, टूरी हटरी, जगन्नाथ मंदिर होते हुए महाराज बंध तालाब तक का भ्रमण शामिल रहा। नगर निगम द्वारा प्रति शनिवार लोगों की सुविधा के लिए सिटी बस की सेवा उपलब्ध कराने का ऐलान किया गया। जन प्रतिनिधियों के माध्यम से इसकी जोर-शोर से शुरुआत हुई, पर कुछ महीने बाद योजना बंद हो गई।

### एक कॉल पर घर बैठे जरूरत की सेवा योजना

*नगर निगम की ओर से राजधानीवासियों को घरेलू जरूरत संबंधी उपयोगी सेवाओं को सुगम बनाने एक ऑनलाइन पोर्टल एप तैयार किया गया। अलग-अलग प्रोफेशन से जुड़े हुनरमंदों का पंजीयन हुआ। नगर निगम के 10 जोन में इस सेवा का विस्तार होना था। इस योजना के तहत निर्धारित टोल फ्री नंबर पर शहर में रहने वाला कोई भी नागरिक घर बैठे कॉल कर कारपेंटर, प्लंबर, टीवी, फ्रीज, कूलर मेकैनिक, ब्यूटीशियन की सेवा एक नियत शुल्क भुगतान कर प्राप्त कर सकेगा। महापौर एजाज ढेबर की पहल पर यह योजना पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में जोन 4 के मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड से हुई। इसे शुरुआत में अच्छा रिस्पांस भी मिला। बाद में अधिकारियों की उदासीनता के कारण जनहितैषी योजना कुछ महीने बाद बंद हो गई। मेट्रो सिटी की तर्ज पर शुरू की जाने वाली इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन होने पर जहां शहरवासियों को जरूरत की सेवा आसानी से उपलब्ध होती, वहीं स्थानीय कामगारों को रोजगार मिलता।*

## खबर संक्षेप

### फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर 48 लाख की ठगी




**रायपुर।** महाराष्ट्र में जीएसटी, आयकर, पेन कार्ड तथा अन्य टैक्स से जुड़े कार्य करने फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर 48 लाख रुपए की ठगी के आरोपी को तेलीबांधा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने हर माह डेढ़ लाख तथा साल में 18 लाख रुपए लाभ मिलने का झांसा दिया था। ठगी करने के आरोप में पुलिस ने न्यू राजेंद्र नगर निवासी जय कुमार नारा को गिरफ्तार किया है। जय कुमार नारा टैक्स जीवन सर्विस कंपनी लिमिटेड का डायरेक्टर है। पचपेड़ी नाका, लक्ष्मीनगर निवासी राकेश सिन्हा ने जय कुमार तथा कन्हैया लाल चड्ढा, सारिका के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

### अपहरण कर बंधक बनाकर मारपीट, एक गिरफ्तार



**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व युवक को पार्टी करने का झांसा देकर अपहरण कर जानलेवा हमला करने के बाद दो दिन तक बंधक बनाकर रखने के मामले में पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, यश शर्मा की शिकायत पर तेलीबांधा निवासी तुषार पाहुजा को गिरफ्तार किया है। यश ने पुलिस को बताया कि 10 अक्टूबर को यश खेमानी ने उसे पार्टी देने के बहाने बुलाया और कार में अपने साथ बैठाकर उसके दोस्त के बारे में पूछताछ की। यश ने जानकारी नहीं होने की बात कही तो यश के साथ तुषार पाहुजा, तुषार पंजवानी तथा चिराग पंजवानी ने उसकी बुरी तरह से पिटाई करने के बाद दो दिन तक बंधक बनाकर रखा।

### निजात को लेकर एनजीओ और संस्था प्रमुखों की बैठक



**रायपुर।** मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री रोकने के साथ लोगों को नशे से दूर रहने संदेश देने एसएसपी डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस पिछले 10 महीने से निजात अभियान चला रही है। इसी कड़ी में एसएसपी ने बुधवार को शहर के एनजीओ तथा संस्था प्रमुखों की बैठक लेकर लोगों को नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें अभियान से जुड़ने अपील की है।

### गांजा बेचते तीन गिरफ्तार साढ़े तीन किलो बरामद

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस तथा एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने मुखबिर की सूचना पर तीन बदमाशों के कब्जे से साढ़े तीन किलो के करीब गांजा जब्त की है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने महंगे मोबाइल फोन के साथ कार जब्त की है। पुलिस के मुताबिक, गांजा बेचने के आरोप में कालीबाड़ी निवासी प्रदीप चौहान, पुरानी बस्ती निवासी ओंकार सेन तथा छोटापारा निवासी साकिर उस्मानी को गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों को फुंडहर चौक के पास वाहन जांच के दौरान पकड़ा है।

## उप पंजीयक में रजिस्ट्री कराने नया आदेश

# दूसरी तहसील के क्षेत्र में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री महंगी पहले 11 सौ देने होते थे, अब लगेंगे 23 हजार 900

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/दुर्ग

हरिभूमि खास

एक तहसील क्षेत्र की प्रॉपर्टी को अब दूसरे तहसील या ब्लॉक क्षेत्र के पंजीयन दफ्तर में जाकर रजिस्ट्री कराना बहुत महंगा पड़ेगा। राज्य सरकार के नए आदेश के तहत अब इस तरह से प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने पर 23 हजार 9 सौ रुपए का अतिरिक्त भुगतान करना होगा। इससे पूर्व लोग महज 11 सौ रुपए देकर दूसरे ब्लॉक क्षेत्र के पंजीयन दफ्तर में जाकर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करा लेते थे, लेकिन अब इस काम के लिए 25 हजार रुपए देना होगा।




### नए नियम से भू-माफिया व कारोबारियों में मचा हड़कंप

इस नए नियम से भू माफिया और प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री का कारोबार करने वालों में हड़कंप भी मचा हुआ है। अब तक माफिया और कारोबारी प्रॉपर्टी के दस्तावेजों में किसी प्रकार की कमी या त्रुटि होने या एक जमीन को कई टुकड़ों में बांटकर लोग दूसरे क्षेत्र के पंजीयन दफ्तर में जाकर कम कीमत पर आसानी से प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करा लेते थे। इस नए नियम से काफी हद तक इस गड़बड़ी पर भी रोक लगेगी, क्योंकि नए नियम के तहत अब लोगों को दूसरे तहसील या ब्लॉक के पंजीयन दफ्तर में जाकर रजिस्ट्री कराने के एवज में मोटी रकम विभाग को देनी होगी।

- भू माफिया और प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री का कारोबार करने वालों में हड़कंप
- नियम से गड़बड़ी पर भी रोक लगेगी

### जरूरतमंद के लिए था नियम

पूर्व में यह नियम ऐसे लोगों के लिए बनाए गए थे, जो शारीरिक रूप से बीमार हो और दूर का सफर तय नही कर सकते थे। उनसे सिर्फ 11 सौ रुपए की फीस लेकर जिले के किसी भी पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री कर दी जाती थी। यह सहुलियत के तौर पर था, लेकिन इसका फायदा उठाकर जमीन दलाल और रसूखदार शासन के खजाने को चोट पहुंचाकर चूना लगा रहे थे। दुर्ग जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि अब उन्हें मोटी शुल्क अदा करनी ही होगी।

### धारा 30 का उपयोग कर बढ़ाया

आपकी जानकारी सही है। राज्य शासन ने सभी जिला पंजीयक के अधिकार क्षेत्र के तहत धारा 30 का उपयोग कर शुल्क एक हजार से 25 हजार कर दिया गया है।

**विरेन्द्र सिंह**, अध्यक्ष, छग पंजीयक मुद्रांक संघ

### दूसरे तहसील क्षेत्र में रजिस्ट्री कराने पर लगेंगे 25 हजार रुपए

तहसील क्षेत्र बदलकर जमीन की रजिस्ट्री कराने की सुविधा शुल्क में वृद्धि की गई है। नए नियम के तहत अब दूसरे तहसील क्षेत्र में जाकर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने पर 25 हजार रुपए शुल्क लगेगा। इससे पहले यह राशि 11 सौ रुपए थी। इस नए नियम से गड़बड़ी पर भी रोक लगेगी।

- **विनोज कोचे**, पंजीयक, पंजीयन कार्यालय रायपुर

### अधिसूचना जारी

राज्य शासन ने इस आशय की अधिसूचना भी जारी कर दी है, जिसके बाद 10 दिसंबर से यह नियम लागू हो गया है। जारी अधिसूचना में अनुच्छेद सात के कंडिका क में उल्लेख किया गया हैं कि, रजिस्ट्रार द्वारा किसी भी दस्तावेज के रजिस्ट्रीकरण के लिए अतिरिक्त शुल्क लेगी, लेकिन इसे लेकर जमीन से जुड़े लोगों का कहना है कि, यह आदेश पर्याप्त और स्पष्ट नही है। कंडिका में निर्धारित निर्देश ही नए नियम का आधार है। जानकारों की माने तो उप पंजीयक से अलग रजिस्ट्री कराने का प्रकरण प्रदेशभर में चल रहा था, जिसमें बलरामपुर, अंबिकापुर, रायपुर, दुर्ग, धमतरी सहित बिलासपुर भी शामिल है।

### *जमीन को टुकड़ों में रजिस्ट्री कराकर कारोबारी लगाते थे स्टाम्प शुल्क में सेंध*

*इस नए नियम को लागू करने के पीछे एक बड़ा कारण यह भी है कि जमीन के कारोबारी अब तक मुख्य सड़क से लगी जमीन को टुकड़ों में रजिस्ट्री कराकर स्टाम्प शुल्क में सेंध लगा रहे थे। अमूमन देखा गया है कि एक ही जमीन जो मुख्य मार्ग सड़क से लगी हुई है। उसे टुकड़ों में बेचा जा रहा था। एक ही जमीन को अलग-अलग पंजीयन कार्यालय में बड़ी चालाकी से एक ही तिथि में रजिस्ट्री करा लिया जाता था, जबकि मुख्य मार्ग से लगी जमीन की रजिस्ट्री के लिए अधिक स्टांप शुल्क है। इस तरह टुकड़ों में बांटने से जमीन का बड़ा हिस्सा सड़क से अंदर हो जाता है, जिससे उनका स्टाम्प शुल्क बहुत कम लगता था। इसी शुल्क से बचने कई रसूखदार शासन के खजाने में सेंध लगा रहे थे। इस गड़बड़ी को रोकने शासन ने नए नियम को लागू किया है। इस नई पहल के बाद चाहे कहीं भी रजिस्ट्री कराए शासन नुकसान की राशि को निर्धारित फीस के जरिए वसूल कर लेगी।*

# लाल उम्मेद सिंह बने रायपुर एसपी, संतोष पीएचक्यू भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने बुधवार को एक आदेश जारी कर चार आईपीएस अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है। गृह विभाग द्वारा जारी तबादला आदेश के मुताबिक, रायपुर में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने मुख्यमंत्री सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे लाल उम्मेद सिंह को रायपुर एसपी के पद पर पदस्थ किया गया है। इसके साथ ही रायपुर एसएसपी डॉ. संतोष कुमार सिंह का स्थानांतरण पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ करने गृह विभाग ने आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि पुलिस ने अपराध पर अंकुश लगाने अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई भी की है। अपराध घटित होने के बाद पुलिस ने अपराधियों पर शिकंजा भी कसा। बावजूद इसके अपराध की घटनाएं कम हो रहीं। सरकार ने लाल उम्मेद सिंह पर भरोसा जताया है। उल्लेखनीय है कि लाल उम्मेद रायपुर में लंबे अरसे से एएसपी पदस्थ रहे हैं। उन्हें यहां काम करने का पुराना अनुभव है। वहीं सूरज सिंह परिहार को बालोद बटालियन ट्रांसफर किया गया है। इसके अलावा राज्य पुलिस सेवा के अफसर हरीश राठौर ▶▶| शेष पेज 13 पर





### इन अफसरों का यहां ताबादला

| | |
|---|---|
| संतोष कुमार सिंह- | एसएसपी रायपुर से सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पीएचक्यू |
| लाल उम्मेद सिंह | मुख्यमंत्री सुरक्षा से रायपुर एसपी का चार्ज |
| सूरज सिंह परिहार | कोरिया एसपी से 14 बटालियन, बालोद, धनोरा |
| रवि कुर्रे - | 18 वीं पटालियन मनेंद्रगढ़ से एसपी कोरिया के पद पर पदस्थ किए गए हैं |


## पुलिस आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुटी

# दशकों पुराने नजूल जमीन विवाद पर लाइसेंसी रायफल से हवाई फायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रवि नगर में संपत्ति विवाद पर लाइसेंसी रायफल से हवाई फायर करने की घटना हुई। विवादित जमीन का सीमांकन करने के विवाद के दौरान हवाई फायर की घटना हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हवाई फायर करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

रवि नगर में विरम सिंह ने वर्ष 1950 में नौ हजार 282 वर्गमीटर जमीन खरीदी थी। विरम सिंह ने जो जमीन खरीदी थी, उस भूमि में ढाई हजार वर्गफीट जमीन नजूल भूमि थी। उसी नजूल भूमि के कुछ हिस्से को फाजिया मेमन ने खरीदने का दावा किया है। फाजिया मेमन द्वारा खरीदी गई जमीन को हरदयाल सिंह ने अपनी जमीन होने का दावा किया है। उसी विवादित जमीन को लेकर बुधवार को पटवारी तथा उनकी टीम सीमांकन करने पहुंची। इस दौरान हरदयाल का फाजिया तथा उनके लोगों के साथ विवाद हो गया। इस दौरान हरदयाल ने आवेश में आकर हवाई फायरिंग की।







### मौके पर फोरेंसिक टीम को कुछ नहीं मिला

घटना के बाद मौके पर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम घटनास्थल पहुंची थी, लेकिन फोरेंसिंक एक्सपर्ट की टीम को मौके पर कुछ नहीं मिला। इसकी वजह फायर की घटना के बाद अफरा-तफरी के बीच पुलिस हरदयाल को अपने साथ थाने लेकर आई। उसके बाद मौके पर उपस्थित मजदूर झाड़ी साफ करने के काम में पुनः जुट ▶▶| शेष पेज 13 पर

### फायरिंग का आरोपी जेल भेजा गया

जमीन विवाद में फायर करने वाले आरोपी हरदयाल को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। हरदयाल ने कोर्ट में जमानत के लिए आवेदन पेश किया, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। जमानत आवेदन खारिज होने के बाद हरदयाल को जेल दाखिल किया गया है।

### यह है पूरा मामला

जानकारी के मुताबिक विरम सिंह ने वर्ष 1950 में किसी से नौ हजार 282 वर्गफीट जमीन खरीदी थी। उस जमीन से सटी 2525 वर्गफीट नजूल भूमि थी। विरम सिंह ने क्रय की गई जमीन में मकान निर्माण कराया था। क्रय किए गए पक्के मकान की विरम सिंह ने दो वसीयत तैयार की। वसीयत में नजूल जमीन का एक भाग विरम ने अपनी बेटी पूरण कौर तथा अपने बेटे विरेंदर के नाम किया। बाद में पूरण कौर को मिली जमीन उनके बेटे के नाम पर हुई। उसी जमीन का कुछ हिस्सा विरेंद्र के भाई द्वारा बेचे जाने की बात कही जा रही है। विरेंदर के बेटे हरदयाल का कहना है कि उसके भाई ने अपना हिस्सा बेचा होगा, उसने किसी जमीन की किसी तरह से बिक्री नहीं की है। इसी बात को लेकर फाजिया तथा हरदयाल के बीच लंबे अरसे से विवाद चला आ रहा है।

उच्च शिक्षा विभाग में प्राध्यापक भर्ती का मामला, दस्तावेज सत्यापन के दौरान लगातार विवाद

# पीएससी ने बदला पैटर्न, अभ्यर्थियों के सामने नहीं जांचे दस्तावेज, शपथ पत्र लेकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने अंततः दस्तावेज सत्यापन को लेकर अपने पैटर्न में बदलाव किए हैं। लगातार निर्मित हो रही विवाद की स्थिति के बाद बुधवार को पीएससी ने डॉ क यू में ट वेरिफिकेशन के लिए नई व्यवस्था की थी। मामला उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राध्यापक भर्ती का है। प्राध्यापकों के 595 पदों पर पीएससी द्वारा भर्ती की जानी है। इसके लिए सर्वप्रथम 2 दिसंबर से दस्तावेज सत्यापन का शेड्यूल तय किया गया था। उस वक्त उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जो टीम जांच के लिए भेजी गई थी, वे विभिन्न आधार पर प्राध्यापक पद के उम्मीदवारों को मिलने वाले अंकों की गणना नहीं कर सकी थी। उस वक्त भी हंगामा हुआ था, जिसके पश्चात पीएससी ने दस्तावेज सत्यापन स्थगित कर दिया था। 10 दिसंबर से स्थगित दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया दोबारा शुरु की गई, लेकिन पुनः वही समस्या सामने आई तो पूर्व में दी गई तिथियों में आई थी। मंगलवार को हंगामे के बाद बुधवार को पीएससी ने अपना तरीका ही बदल दिया।

- बुधवार को पहुंची तीन कमेटी, मंगलवार को एक भी अभ्यर्थी की नहीं हुई थी जांच




पीएससी द्वारा सभी कैंडिडेट्स को एक फॉर्मेट दिया गया था, जिसमें उन्हें अपने शोध पत्र, पीएचडी, रिसर्च पेपर पब्लिकेशन सहित अन्य तरह की जानकारी प्रदान करनी थी। इसके आधार पर उनके अंक तय होंगे। मंगलवार तक कैंडिडेट्स को सम्मुख बैठाकर अंकों की गणना की जा रही थी, इसलिए विवाद की स्थिति निर्मित हो रही थी।

### बढ़ाई गई पैनल संख्या

मंगलवार को पीएससी ने सिर्फ एक ही पैनल जांच के लिए रखी थी। एक पैनल में तीन सदस्य होते हैं। बुधवार को पैनल की संख्या बढ़कार तीन कर दी गई है। इसके बाद प्राध्यापक पद के उम्मीदवारों ने राहत की सांस ली। ये पैनल सभी आवेदनों के अंकों की गणना करने के पश्चात अंतिम सूची जारी करेगी। गौरतलब है कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राध्यापकों के इन पदों पर भर्ती 2021 में निकाली गई थी। प्राध्यापकों के रिसर्च पेपर किस जर्नल में प्रकाशित हुए हैं, इसके आधार पर उन्हें कम-ज्यादा अंक मिलते हैं। यूजीसी द्वारा इसके लिए मापंदड निर्धारित किए गए हैं।

### *छूट के बाद पुलिस भर्ती आवेदन तिथि में भर्ती*

*छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट बैठक में अहम फैसला लेते हुए अनुसूचित जनजाति (एसटी) के युवाओं को पुलिस भर्ती में बड़ी छूट दी गई है। अभ्यर्थियों को एक बार के लिए ऊंचाई और सीने के निर्धारित मापदंड में छूट दी जाएगी। दोबारा यह फायदा उन्हें नहीं मिलेगा। इसमें सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमांडर की सीधी भर्ती शामिल है। न्यूनतम ऊंचाई 163 सेमी, सीना बिना फुलाए 78 सेमी और फुलाए जाने के बाद 83 सेमी होना अनिवार्य है। यह छूट केवल एसटी वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों को ही मिलेगी। इस छूट के बाद पीएससी ने गृह विभाग के अंतर्गत पुलिस भर्ती की आवेदन तिथि में वृद्धि की है। पूर्व में 23 अक्टूबर से 21 नवंबर तक आवेदन मांगे गए थे। अब 11 से 25 दिसंबर तक पुनः पोर्टल खोल दिया गया है। इसके जरिए 341 पदों पर भर्ती होनी है। त्रुटि सुधार के 26 और 27 दिसंबर का समय निर्धारित किया गया है। जो पूर्व में आवेदन कर चुके हैं, उन्हें दोबारा आवेदन की आवश्यकता नहीं है।*

### उपकरण लेकर 11 साल बाद भी भुगतान नहीं स्वास्थ्य संचालक के खिलाफ कुर्की आदेश

**रायपुर।** हरियाणा की कंपनी से उपकरण लेने के 11 साल बाद भी भुगतान नहीं देने के मामले में संचालक स्वास्थ्य सेवा के खिलाफ न्यायालय ने कुर्की आदेश जारी कर दिया। बुधवार को टीम संपत्ति कुर्क करने नवा रायपुर के स्वास्थ्य संचालनालय पहुंच गई। जिम्मेदार



अफसरों के नहीं मिलने पर वहां वाहनों की जब्ती की कार्रवाई का प्रयास भी किया गया। ▶▶| शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# अमानक बारदाना क्रय किए जाने पर महंत ने राज्यपाल को कार्रवाई करने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





■ श्रीगौरी शंकर जूट मिल पश्चिम बंगाल से क्रय किये गये बारदाने अमानक : डॉ महंत

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन योजनान्तर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान उपार्जन के लिये श्रीगौरी शंकर जूट मिल पश्चिम बंगाल से क्रय किये गये बरदाने को अमानक बताया। उन्होंने कहा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के धान खरीदी केंद्र तरेंगा का निरीक्षण करने पर यहां पर जो जूट का नया बारदाना उपयोग में लाया जा रहा था, उनमें से अनेक का वजन करवाने पर यह पाया गया कि प्रत्येक बारदाने का अधिकतम वजन 480 ग्राम था। भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार नए जूट बरदानों का न्यूनतम वजन 580 ग्राम होना चाहिए। वजन में विचलन 8 से 6 प्रतिषत मान्य है। अर्थात 626 ग्राम से अधिक वजन वाले तथा 545 ग्राम से कम वजन वाले बारदाने अमानक माने जाएंगे।

अमानक बारदानों का उपयोग धान अथवा चावल के लिए नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, धान खरीदी केंद्र तरेंगा में जिन बारदानों का वजन कम पाया गया है, वे सभी श्रीगौरी शंकर जूट मिल पश्चिम बंगाल द्वारा निर्मित किये गये थे। यह बारदाने अनेक धान खरीदी केन्द्रों पर भी भेजे गए होंगे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका से आग्रह करते हुए कहा कि इस गंभीर मामले पर त्वरित रूप से भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार कार्रवाई किये जाने के लिए खाद्य तथा सहकारिता मंत्री को निर्देशित करें।

### गुणवत्ता जांच नहीं की गई

नए बारदानों की गुणवत्ता की जांच तीन स्तरों पर की जाती है। जूट मिल, जूट कमिश्नर भारत सरकार द्वारा एवं छत्तीसगढ़ में रैक पॉइंट पर विपणन संघ द्वारा तथा धान खरीदी केंद्र पर केंद्र प्रभारी द्वारा, परन्तु यह आश्चर्यजनक है कि सभी स्तरों पर बारदानों के अमानक होने के तथ्य की उपेक्षा की जाती रही। यह एक गंभीर मामला है। बारदानों के कम वजन के कारण किसानों का धान भी अधिक लिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में सिकल सेल की बैठक

**रायपुर।** सिकलसेल की रोकथाम के लिए सालभर में प्रदेश में 1.32 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। इनमें 15 हजार 385 को पीड़ित पाया गया है। अब तक राज्य में इनकी कुल संख्या 1 लाख 88 हजार है जिन्हें सिकलसेल के जेनेटिक कार्ड देकर आवश्यक दवाई और रक्त की आपूर्ति की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय नवा रायपुर में सिकल सेल संस्थान के संचालक मंडल की 10वीं बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राज्य में सिकल सेल संस्थान छत्तीसगढ़ को सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन किए जाने पर विस्तार से चर्चा की गयी।

### और पूरा हो जाएगा बीडीएस का एडमिशन

**रायपुर।** डेंटल कालेज में प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि बढ़ाने के बाद लगातार कराए जा रहे काउंसिलिंग से बीडीएस की सभी सीटों पर एडमिशन होने का चांस बढ़ गया है। स्ट्रे वैकेंसी राउंड-3 के लिए तीन निजी कालेजों में बीडीएस की कुल नौ सीट बाकी है। इसके लिए संस्था चयन के बाद सीट आवंटन को प्रवेश की प्रक्रिया 15-16 दिसंबर को पूरी की जाएगी।

### डॉ. अली को मिलेगा बाबूराव विष्णु पराड़कर सम्मान

**रायपुर।** इंटेलेक्चुअल सोसाइटी ऑफ मीडिया प्रोमोटर्स द्वारा समाज के सर्वोन्नति व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास, पर्यावरण शुचिता के लिए समर्पित व्यक्तियों को विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया जा रहा है। इस कड़ी में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर के वरिष्ठ उपाचार्य डॉ. शाहिद अली को प्रेस विरासत सम्मान वर्ग में "बाबूराव विष्णु पराड़कर सम्मान" से अलंकृत करने की घोषणा की गई है। उन्हें मार्च 2025 में रायपुर में आयोजित प्रथम एजीएम संकल्प संस्कार 2025 में सम्मानित किया जाएगा। मीडिया शिक्षा, शोध एवं लेखन के क्षेत्र में लोकप्रिय प्राध्यापक डॉ. अली पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया के रायपुर चैप्टर के चेयरमैन भी हैं।



## नवनिर्मित को-वर्किंग स्पेस, आरंभ का वर्चुअली लोकार्पण

# सरकार युवाओं के लिए तैयार कर रही है सपोर्ट सिस्टम : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को भाठागांव स्थित अंतर्राज्जीय बसस्टैंड में नवनिर्मित इनोवेशन सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही जयस्तंभ चौक के मल्टीलेवल पार्किंग में नवनिर्मित को-वर्किंग स्पेस, आरंभ का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सेंटर फॉर इनोवेशन, ट्रेड एंड स्किलिंग की स्थापना, रायपुर जिले में 1000 सीटर को-वर्किंग स्पेस निर्माण और नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक जोन में एक-एक बॉक्स स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर ओयो के फाउंडर रितेश अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में 500 करोड़ रुपए का निवेश करने और 15 हजार रोजगार सृजन करने की बात कही। इनोवेट के गेम जोन में मुख्यमंत्री श्री साय एवं ओयो फाउंडर श्री अग्रवाल ने टेबल टेनिस खेल में हाथ आजमाया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने एवं रोजगार के नये अवसर पैदा करने, स्मार्ट सिटी का विचार क्रियान्वित किया। रायपुर को भी स्मार्ट सिटी के रूप में चयनित किया गया है। राज्य सरकार स्मार्ट सिटी के अनुरूप सुविधाओं को लगातार बढ़ाने के लिए पहल कर रही हैं। श्री साय ने कहा कि युवा उद्यमियों के दिमाग में उद्यम के बहुत से विचार हैं। वे अपना स्टार्टअप आरंभ करना चाहते हैं बस उन्हें थोड़ा सहयोग देने की आवश्यकता है फिर वे कमाल कर दिखाएंगे।



सरकार युवाओं के लिए यही सपोर्ट सिस्टम तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं जिला प्रशासन के कार्यों की सरहाना भी की।

उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के लिए एक आफिस, फर्नीचर, एक अच्छा लोकेशन, कंप्यूटर, वाईफाई चाहिए, लेकिन इतने सब कुछ के लिए ही जो बजट लगता है वो बहुत से युवा उद्यमियों के बस की बात नहीं होती। को-वर्किंग एंड इनोवेशन सेंटर के रूप में यही आफिस स्पेस उन्हें उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 48 लाख रुपए की लागत से जयस्तंभ चैक के मल्टीलेवल पार्किंग सेंटर में आरंभ स्टार्टअप को-वर्किंग सेंटर तथा एक करोड़ रुपए की लागत से अंतरराज्यीय बस टर्मिनल में इनोवेशन सेंटर तैयार किया गया है। यहां स्टार्टअप उद्यमियों को काम करने के लिए आफिस मिल जाएगा। साथ ही प्राइवेट कैबिन होंगे, कंप्यूटर मिल जाएंगे और फर्नीचर उपलब्ध होगा, कैफेटेरिया होगा। प्रेजेंटेशन के लिए आडिटोरियम होगा। उन्हें केवल अपने आइडिया पर काम करना होगा।इस अवसर पर ओयो के फाउंडर रितेश अग्रवाल ने कहा कि स्टार्टअप के जरिए हमें बड़ी सफलता मिली थी और वर्तमान में 22 हजार होटल संचालित हो रहा है। छत्तीसगढ़ में इनोवेट के शुरू होने से हजारों युवाओं को फाउंडर बनने का अवसर मिलेगा। गांव के युवाओं के सपने भी पूरे हो सकेंगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आने वाले समय में 500 करोड़ रूपए निवेश करने की तैयारी हमारी कंपनी ने की है और 15 हजार रोजगार भी सृजनित किए जाएंगे।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नवाचार की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए गए है। इससे जिले में रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने नवगुरूकुल संस्था के युवाओं को जॉब ऑफर लेटर दिया। शी-हब से जुड़ी महिलाओं और स्टार्टअप कंपनियों के युवा उद्यमियों का सम्मान किया। साथ ही बीपीओ सेंटर से जुड़े युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। मुख्यमंत्री ने मोर रायपुर कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान नवाचार क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों का सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, विक्रम उसेंडी, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# अमलीडीह जमीन विवाद पर रामा बिल्डकॉन ने कहा- शासन की नीति और प्रक्रिया से हुआ जमीन का आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ कलेक्टर के समक्ष पेश किया बिल्डकॉन ने अपना पक्ष, हाईकोर्ट में दो जनहित याचिकाओं पर आवंटन को सही बताया

अमलीडीह जमीन विवाद के संबंध में रामा बिल्डकॉन ने दावा किया है कि उन्हें आवंटित की गई जमीन शासन की नीति के तहत प्रक्रिया पूरी करके की गई है। इस संबंध में कलेक्टर रायपुर को पत्र के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए बताया गया है कि समय-समय पर दो जनहित याचिकाएं भी उच्च न्यायालय में दाखिल हुईं और सुनवाई के बाद आवंटन की कार्यवाही को सही ठहराया गया है।

रामा बिल्डकॉन ने इस मामले में रायपुर कलेक्टर के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए प्रशासन को सौंपे गए तीन पन्नों के पत्र में यह बात कही है। पत्र में लिखा गया है कि हमारे आवंटन आवेदन के विरुद्ध हाईकोर्ट में पेश की गई जनहित याचिका का निराकरण 10 मई 2023 को इस निर्देश के साथ हुआ था कि कलेक्टर रायपुर याचिकाकर्ता की आपत्तियों का निराकरण विधि सम्मत तरीके से 8 सप्ताह में करें। इस आदेश के पालन में कलेक्टर ने भूमि आवंटन व्यवस्थापन के लिए एक समिति गठित की थी। इस समिति ने नियमानुसार आवेदक (रामा बिल्डकॉन) के पक्ष में भूमि आवंटन की स्वीकृति के लिए प्रकरण राज्य शासन को भेजने की अनुशंसा की थी। शासन की अंतर विभागीय समिति ने यह जमीन आवेदक फर्म के पक्ष में आवंटित करने का निर्णय मार्च 2024 में लिया था। इसके लिए 12 करोड़ की राशि भुगतान की शर्त भी थी।

### ये है विवादित जमीन की स्थिति

कलेक्टर के समक्ष रखे गए पक्ष में रामा बिल्डकॉन ने ये भी बताया है कि उन्होंनें शासन की नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि व्यवस्थापन, आवंटन की योजना के माध्यम से 4 मई 2020 को उक्त जमीन के आवंटन के लिए आवेदन दिया था। इसके पीछे वजह ये थी कि यह जमीन तीनों तरफ से रामा बिल्डकॉन की भूमि से घिरी हुई है। एक तरफ अवैध प्लाटिंग की गई है। इसमें 20-25 फिट का एकमात्र निजी कच्चा रास्ता है, यह शासकीय भूमि किसी धरसा से भी जुड़ी नहीं है। शासकीय भूमि और रामा बिल्डकॉन की भूमि के बीच में होने के कारण दो भागों में बंट रही है, इसलिए हमारी आवश्यकता की भूमि होने के कारण ही इसके आवंटन के लिए आवेदन दिया गया था।

### ऐसे हो सकता है भूमि का आवंटन, ये है नियम

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के एक पत्र (2019) के हवाले से रामा बिल्डकॉन ने बताया गया है कि नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि व्यवस्थापन, आवंटन करने की योजना के अलावा कोई प्रोजेक्ट के मध्य में शासकीय भूमि आती है, तो राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधान के अनुसार वर्तमान में भी शासन के द्वारा शासकीय भूमि का आवंटन किया जा सकता है।

# विधायकों का बढ़ेगा भत्ता, आधा दर्जन से अधिक विधेयकों को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले कई अहम फैसले लिए हैं। सत्र के दौरान लाए जाने वाले आठ विधेयकों के प्रारूप को मंजूरी दी गई है। साथ ही विधायकों के दैनिक भत्ता में बढ़ोतरी का भी अनुमोदन किया गया। 16 दिसंबर से शुरू होने वाले सत्र के लिए अनुपूरक अनुमान को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है।



जिन विधेयकों को कैबिनेट में चर्चा के बाद मंजूर किया गया, उनमें विधायकों के दैनिक भत्ता और उनकी पेंशन बढ़ाने के संबंध में निर्णय लिया गया। विधानसभा में इसके लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन भत्ता तथा पेंशन संशोधन विधेयक 2024 के ड्राफ्ट को मंजूरी दी गई। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक 2024 के मसौदे को मंजूरी मिली है। छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण संशोधन विधेयक 2024, छत्तीसगढ़ पंचायत राज संशोधन विधेयक 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम संशोधन विधेयक 2024, छत्तीसगढ़ नगर पालिक अधिनियम 2024, के संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है। छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर 2024 संशोधन विधेयक के प्रारूप के अनुमोदन को मंजूरी दी गई है। द्वितीय अनुपूरक अनुमान वर्ष 2024-2025 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

# सभी निकायों में कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त करेगी, निगम क्षेत्रों में बनाए जाएंगे प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की रणनीति बनाने कांग्रेस के जिला एवं शहर अध्यक्षों की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने चर्चा की। बैठक में सभी निकायों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए गए। वहीं नगर निगमों के लिये शीघ्र प्रभारी की नियुक्ति की जायेगी। बूथ सेक्टर, जोन एवं ब्लाक में खाली पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाएंगी।



पीसीसी की बैठक में जिला अध्यक्षों से कहा गया कि अपने क्षेत्र की नगर पंचायतों एवं पालिकाओं में पर्यवेक्षकों की नियुक्तियां कर दे। निगमों के लिये प्रदेश में शीघ्र प्रभारी नियुक्ति किया जायेगा। वहीं बूथ सेक्टर, जोन एवं ब्लाक में खाली पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाएगी।

बैठक में वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सहित विभिन्न जिलों के अध्यक्ष पहुंचे थे। बताया गया है कि निकाय चुनाव की रणनीति के तहत सभी पदाधिकारियों से कहा गया है कि सक्रिय लोगों को चुनाव कार्य में लगाएं। उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग की तैयारी अंतिम चरण पर है। चुनाव के कार्यक्रम इस माह के अंत तक जारी होने की संभावना है। कांग्रेस ने इसके तहत सभी जिला अध्यक्षों को तैयारी के संबंध में चर्चा की रणनीति बनाई। प्रदेश के प्रभारी सचिव ने पिछले दिनों जिला अध्यक्षों और विधायक एवं पूर्व विधायकों के साथ बैठक कर नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी पर चर्चा की थी।

# सरकार का एक वर्ष पूरा होने पर भाजपा मनाएगी जनादेश परब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं की ली बैठक

छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार बनने का एक वर्ष 13 दिसंबर को पूर्ण हो रहा है, जिसको भाजपा एक पर्व के रूप में मनाएगी। इसे जनादेश परब का नाम दिया गया है। प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, सरकार के एक वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, 3 दिसम्बर को प्रदेश में भाजपा सरकार बनी और 13 तारीख को मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की सालगिरह है।

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस की सरकार को उतार कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को पुनः छत्तीसगढ़ की जनता ने अपना जनादेश दिया। प्रदेश की सेवा करने का अवसर दिया जिसके परिणाम स्वरूप आज प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए विष्णुदेव सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जो भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में इंगित भी किए थे। इसी तारतम्य में जनता को धन्यवाद देने के लिए जनादेश परब मनाया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की उपस्थिति रहेगी।

### नड्डा की सभा की तैयारियों पर बैठक

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आगमन को लेकर साइंस कॉलेज मैदान पर होने वाली आमसभा के लिए अधिक से अधिक संख्या में भीड़ लाने का लक्ष्य तय किया गया। कार्यकर्ताओं को मुख्य रूप से मंडल क्षेत्रों से जनता को लाने ले जाने वाहन की व्यवस्था। शहर में स्वागत द्वार, राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत होर्डिंग और भाजपा के झंडे लगाना जैसे सभी कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई। रायपुर जिला प्रभारी खूबचंद पारख ने रायपुर शहर जिला को 20 हजार से अधिक की संख्या का लक्ष्य दिया। मंडलवार सभी मंडल अध्यक्षों से कार्यक्रम के लिए संख्या भी ली गई।


न्यायालय तहसीलदार अभनपुर
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील- अभनपुर प.ह.न.- 00013 बेन्द्री ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425441631700004

ईश्तहार

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम बेन्द्री के वर्तमान भूमिस्वामी हरमीत सिंह खनूजा पिता/पति- जसपाल सिंह खनूजा पता- शंकर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 141 (0.5710), 146/2 (0.1900) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता मास्टरमाईड्स आई.एन.सी. द्वारा भागीदार' लोह हसमुख अवचर भाई पिता/पति- अवचर भाई पता- लालपुर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग., भारतेश पढियर पिता/पति- जगदीश पढियर पता- टाटीबंध रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/12/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी । उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदारः RAMPRASAD BAGHEL
तहसील अभनपुर

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

ई.क्र./2024121102000 / अ-6/ वर्ष 2024
रायपुर दिनांक 09/12/2024
ग्राम- पंडरीतराई, प.ह.नं. 47,
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती उम्मे कुलसुम पति मोहम्मद वसीम अख्तर निवासी- बाबा जनरल स्टोर, नई बस्ती राजातालाब, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम पंडरीतराई, प.ह.नं. 47, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर -20, भूखंड क्रमांक- 74/1ख/ 2, खसरा नंबर-168/1 रकबा 500 वर्गफुट भूमि को विक्रेता मोहम्मद रफीक रिजवी पिता मरहूम मोहम्मद मूसा निवासी- हलवाई लाईन, जामा मस्जिद, सदर बाजार, रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा दिनांक 27/11/2024 को स्वामित्व एंव आधिपत्य प्राप्त किया। अतः आवेदिका द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 30/12/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
रायपुर छ.ग.

कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16, तहसील व जिला रायपुर

सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 11.12.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका शिव कुमार घिवडोंडे पिता स्व. फिरंता राम घिवडोंडे एवं अन्य 5 द्वारा आवेदित ग्राम बरबंदा प.ह.नं. 14 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 स्थित खसरा नंबर 118/3, 120/2 रकबा 0.1460, 0.0770 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा के आदेश दिनांक 15.03.2024 के परिपालन में दिनांक 17.12.2024 समय 10:00 बजे के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/ समय तक पटवारी हल्का नंबर 14 के बरबंदा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-16 (सारागांव)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 16 (सारागांव) तहसील धरसींवा जिला रायपुर

सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 10/12/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृपाराम पिता लेखराम एवं अनिल पिता कृपाराम निवासी ग्राम तर्रा द्वारा आवेदित ग्राम तर्रा प.ह.नं. 11 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 स्थित खसरा नंबर 945/1, 946/1 946/2, 946/4 945/2 रकबा क्रमशः 0.1010, 0.8092, 2.7050, 1.6030, 0.2390 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के आदेश दिनांक 28/10/2024 के परिपालन में दिनांक 14/12/2024 के समय 9.00 बजे के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नं. 11 के ग्राम जरौदा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषण के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-16 (सारागांव)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, रोक लगाने शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे गुट छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर के गांधी मैदान से हिंदुओं पर अत्याचार बंद हो, बंद हो आदि नारों के साथ रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित कार्यवाही की मांग की गई। इस मौके पर शिवसेना के प्रदेश प्रवक्ता संजय नाग ने बताया कि पूरे प्रदेश के शिवसैनिकों ने संबंधित जिले के कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिस पर कलेक्टर ने प्रधानमंत्री को तुरंत फारवर्ड करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में सुनील कुकरेजा, एचएन सिंह पालीवार, संजय नाग, बल्लू जांगड़े, समीर पाल, संतोष मार्कंडेय, विजय नाग, दुर्गेश शर्मा, सुरेश तिवारी, शिव लिमजे, प्रमोद साहू, हरीश यादव आदि शामिल थे।

### शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में मीडिया परिसंवाद आज

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 12 दिसंबर को सुबह 11 बजे विधानसभा मार्ग स्थित शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में मीडिया परिसंवाद का आयोजन किया गया है। इस परिसंवाद का विषय 'नई सामाजिक व्यवस्था के लिए दृष्टि एवं मूल्य निर्धारण में मीडिया की भूमिका' होगा। रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बताया कि मीडिया परिसंवाद का आयोजन मीडिया प्रभाग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश भाईजी की 9वीं पुण्यतिथि पर किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकारों में शिव दुबे, पंकज श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, ईवी मुरली, गिरीश वोरा शामिल होंगे।

## निधन

### जे. इमैनुएल



**रायपुर।** आनंद नगर निवासी जे इमैनुएल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 दिसंबर को दोपहर 3 बजे टिकरापारा कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे लिंडा इमैनुएल के पति और रेनॉल्ट और क्रिसालर के पिता थे।

### शत्रुघ्न प्रसाद चंद्राकर



**रायपुर।** आरंग क्षेत्र के ग्राम नरियरा निवासी शत्रुघ्न प्रसाद चंद्राकर (86) का 11 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 दिसंबर को सुबह 9 बजे गृहग्राम से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे कन्हैया, खोमन एवं प्रेम के पिता थे।

### शांति देवी मेघानी



**रायपुर।** वीआईपी क्लब के पास निवासी शांति देवी मेघानी का 11 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे श्याम, सतीश मेघानी की माता और हर्ष, भावेश, योगेश की दादी थीं।

# छत्तीसगढ़ महाविद्यालय पहुंची नैक, पुरानी पद्धति से मूल्यांकन कराने वाला यह अंतिम कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नैक मूल्यांकन के नए कॉन्सेप्ट में टीम का दौरा खत्म

छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में नैक टीम का दौरा बुधवार से प्रारंभ हो गया। दो दिवसीय दौरे के बाद नैक टीम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय को नवीन ग्रेडिंग प्रदान करेगी। यदि निर्धारित समय पर नैक मूल्यांकन का नया सिस्टम लागू हो जाता है, तो यह जिले का अंतिम कॉलेज होगा, जिसे पुरानी पद्धति से नैक ग्रेडिंग दी जा रही है। अब तक नैक मूल्यांकन के लिए तीन सदस्यीय टीम महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालयों में निरीक्षण के लिए आती रही है। उनके द्वारा दिए जाने वाले अंकों के आधार पर ही संबंधित संस्थान की नैक ग्रेडिंग तय होती है।

नए नियम में निरीक्षण संबंधित इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। इसके स्थान पर शैक्षणिक संस्थानों को अपनी सभी उपलब्धियां और उसके सत्यापन संबंधित दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। ऑनलाइन दी जाने वाली इस जानकारी के आधार पर ही संस्थानों की नैक रैंकिंग तय होगी। छग महाविद्यालय में नैक टीम का दौरा नवंबर माह में होना था, लेकिन विधानसभा उपचुनाव की तिथियों को देखते हुए इसे स्थगित किया गया था। बाद में नवंबर अंत की अस्थायी तारीख दी गई थी। इसे भी रद्द करते हुए दिसंबर का समय तय किया गया।

## अब केवल ऑनलाइन सब्मिट की गई रिपोर्ट के आधार पर मिलेंगे अंक

### दुर्गा महाविद्यालय कतार में

वर्तमान शैक्षणिक सत्र में महंत महाविद्यालय में नैक टीम निरीक्षण के लिए आई थी। महाविद्यालय को बी ग्रेड प्रदान किया गया था। शहर के बड़े महाविद्यालयों में दुर्गा कॉलेज की भी नैक ग्रेडिंग दिसंबर के पूर्व होनी थी। सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट जमा करने में हुए विलंब के कारण यहां नैक टीम अब तक नहीं की सकी है। अंदरूनी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यहां नए पैटर्न से नैक मूल्यांकन कराए जाने की संभावना है।




### पखवाड़े भर पहले बदले गए प्राचार्य

छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.अमिताभ बनर्जी का तबादला करते हुए उन्हें साइंस कॉलेज का प्रभार कुछ दिनों पूर्व ही दिया गया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नैक मूल्यांकन के कुछ दिन पूर्व ही इस बड़े बदलाव का असर महाविद्यालय के प्रस्तुतिकरण पर भी पड़ सकता है। नैक निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय द्वारा प्रेजेंटेशन दिया जाता है। पूर्व प्राचार्य द्वारा कोरोना काल से ही नैक ग्रेडिंग की तैयारी शुरू कर दी गई थी। लॉ कोर्स, लाइब्रेरी अपग्रेडेशन, मल्टीपल सब्जेक्ट च्वॉइस सहित कई बदलाव इस दौरान महाविद्यालय में किए गए। इसका लाभ महाविद्यालय को ग्रेडिंग में मिल सकता है। वर्तमान में महाविद्यालय के पास बी ग्रेडिंग है।

## सरकारी कोटे से दाखिला दिलाने का झांसा देकर की ठगी

# मेडिकल कालेज में दाखिला दिलाने के नाम पर 35 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ के चार जालसाजों के खिलाफ अपराध दर्ज

देवेंद्र नगर थाना में धमतरी के एक युवक ने मेडिकल कालेज में सरकारी कोटे से दाखिला दिलाने का झांसा देकर दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ के चार लोगों के खिलाफ 35 लाख रुपए ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ठगी के शिकार छात्र ने पुलिस को बताया है कि जांजगीर-चांपा के जालसाज ने दो साल झांसे में लेने के बाद दिल्ली के दो तथा एक अन्य के साथ मिलकर उसे ठगी का शिकार बनाया।

सूर्यकांत प्रजापति ने पुलिस को बताया है कि वह वर्ष 2016 में भिलाई स्थित सचदेवा कोचिंग में कोचिंग करने गया था। इस दौरान सूर्यकांत की मुलाकात जांजगीर-चांपा निवासी सलामुद्दीन शेख से हुई। सलामुद्दीन ने सूर्यकांत को वर्ष 2017 में अपने पहचान वालों की मदद से मेडिकल कालेज में दाखिला दिलाने का झांसा दिया। सलामुद्दीन की बात का सूर्यकांत ने ध्यान नहीं दिया। वर्ष 2018 में सलामुद्दीन ने सूर्यकांत को सरकारी कोटे से मेडिकल कालेज में दाखिला दिलाने का झांसा दिया। इस पर सूर्यकांत झांसे में आ गया। झांसे में लेने के बाद सलामुद्दीन सूर्यकांत तथा उसके अन्य साथियों को अन्य से मिलवाने अपने साथ दिल्ली ले गया।



### परीक्षा फर्जीवाड़ा गैंग के जाल में फंसा छात्र

सूर्यकांत ने पुलिस को बताया है कि वर्ष 2020 में सलामुद्दीन ने उसे पंच लाख रुपए देने पर मेडिकल में दाखिला दिलाने का झांसा दिया। इस पर सूर्यकांत ने सलामुद्दीन के अकाउंट में पैसा ट्रांसफर किया। रकम ट्रांसफर होने के बाद सलामुद्दीन ने सूर्यकांत से उसके दस्तावेज हासिल कर कहा कि परीक्षा में उसकी जगह कोई दूसरा छात्र बैठेगा। नीट का परिणाम जारी होने पर सलामुद्दीन ने सूर्यकांत को 560 रैंक आने की जानकारी दी।

### फर्जीवाड़ा गैंग ने 30 लाख रुपए मांगे

सूर्यकांत के अनुसार दिल्ली ले जाने के बाद सलामुद्दीन ने उसकी तथा उसके साथ गए अन्य लड़कों की पहचान अपने सीनियर भिलाई निवासी राघवेंद्र से करवाई। राघवेंद्र ने चारों छात्रों की मुलाकात दिल्ली के अपने सीनियर अनिश जैन तथा मुकुल जैन से कराई। अनिश तथा मुकुल ने चारों छात्रों को पूर्ण एडमिशन दिलाने के एवज में 30 लाख रुपए मांगे। रकम ज्यादा होने पर छात्र लौट आए।

### एडमिशन पाने कर्ज लेकर पैसे जुटाए

सूर्यकांत के अनुसार पूर्व में रकम देने के बाद सलामुद्दीन ने उसे राघवेंद्र तथा अन्य को पुलिस द्वारा ट्रैप किए जाने की जानकारी दी। वर्ष 2022 में सलामुद्दीन ने सूर्यकांत को पुनः भिलाई बुलाया। इसके बाद सलामुद्दीन ने सूर्यकांत की राघवेंद्र से पुनः मुलाकात करवाई। मुलाकात के बाद राघवेंद्र ने पुराने पैसों की वापसी का झांसा देकर नए सिरे से सूर्यकांत को मेडिकल में दाखिला दिलाने का झांसा देकर पैसों की मांग की। पिता के विरोध के बाद भी सूर्यकांत पैसे देने पर अड़ा रहा, तो उसके पिता ने अपने परिचितों से कर्ज लेकर पैसों की व्यवस्था कर जालसाजों को दे दिया। झांसा में लेने के लिए सलामुद्दीन ने सूर्यकांत के साथ पूर्व में मिलने आए छात्रों के साथ बात कराई। छात्रों ने सलामुद्दीन द्वारा उनके मेडिकल में दाखिला कराने की जानकारी दी। इसी झांसे में आकर सूर्यरकांत दूसरी बार ठगी का शिकार हुआ।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर 30 करोड़ की जमीन का तीन करोड़ में सौदा

- प्रिंटिंग प्रेस संचालक ने महिला को नकली भू स्वामी बनाने, दस्तावेज तैयार करने पैसों का दिया लालच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रायपुर, बिलासपुर, गरियबंद से नौ लोगों को पुलिस ने ठगी के आरोप में किया गिरफ्तार

चंदनीडीह स्थित 30 करोड़ रुपए कीमत की चार एकड़ जमीन का तीन करोड़ रुपए में सौदा कर 10 लाख रुपए ठगी करने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने एक प्रिंटिंग प्रेस संचालक को फर्जी दस्तावेज तैयार करने तथा एक महिला को नकली भू-स्वामी बनने पैसों का लालच देकर अपने झांसे में लिया। घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है।

बिलासपुर निवासी गणेश बोले ने पुलिस को बताया है कि बिलासपुर के रहने वाले रूपेश धनकर उर्फ राजा सिंह ने उससे संपर्क कर रायपुर चंदनीडीह में बेशकीमती जमीन कौड़ियों के मोल पर बिकने का झांसा दिया। इसके बाद उसने कथित जमीन मालिक मंजू देवी अग्रवाल से मुलाकात करवाकर जमीन का तीन करोड़ रुपए में सौदा किया। जमीन का सौदा होने के बाद पांच लाख रुपए बयाना लिया। बयाने की रकम को रूपेश, फर्जी जमीन मालिक चेतना ठाकुर तथा प्रकाश यादव ने आपस में बांट लिया।

### शातिराना अंदाज में की ठगी

पुलिस के अनुसार गरियाबंद निवासी हरिशंकर सिन्हा, अमन वर्मा उर्फ किशोर देवांगन ने चेतना ठाकुर को नकली भू-स्वामी बनने पैसों का लालच दिया। इसके बाद गरियबंद के प्रिंटिंग प्रेस संचालक अमित कुमार राकेश कंसारी के साथ मिलकर अपने प्रेस में फर्जी दस्तावेज तैयार कर पट्टा में मूल भू-स्वामी की जगह चेतना ठाकुर को भू-स्वामी बनाया। जालसाजों ने चेतना के नाम से फर्जी पैन कार्ड, किसान पत्र के साथ आधार सहित फर्जी बैंक अकाउंट तक बना डाले।

### फर्जीवाड़ा के पहले इन लोगों ने ओरिजनल दस्तावेज की कॉपी जुटाई

अमलीडीह निवासी अरुण कुमार सरोज ने तेलीबांधा निवासी नरेंद्र राजपूत के साथ मिलकर मंजू देवी से संपर्क कर उनकी जमीन संबंधित दस्तावेज हासिल कर भूमि के बारे में जानकारी एकत्रित की। जानकारी एकत्रित करने के बाद अमित को फर्जी दस्तावेज तैयार करने जानकारी उपलब्ध कराई। जालसाजों ने गणेश से पांच लाख रुपए अपने अकाउंट में आरटीजीएस भी कराए थे। इस तरह जालसाजों ने शातिराना अंदाज में जमीन बिक्री करने के नाम पर 10 लाख की ठगी की।

# राइस मिलों में नाबालिगों से कराया जा रहा था श्रम, 9 रेस्क्यू किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बाल संरक्षण इकाई, राजस्व श्रम एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई

राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र में संचालित 3 राइस मिलों से 9 नाबालिगों को रेस्क्यू किया गया है। इनमें 7 बालक एवं 2 बालिका शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास अंतर्गत गठित जिला बाल संरक्षण इकाई, राजस्व विभाग, श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को कई राइस मिलों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को 3 राइस मिल आरके राइस टेक प्राइवेट लिमिटेड, ग्रो एग्रो फूड्स एवं अंबिका राइस मिल में बालक श्रम करते मिले। इस पर एक्शन लेते हुए टीम ने मिलों के संचालकों के विरुद्ध बालश्रम अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए सभी बाल श्रमिकों को रेस्क्यू करते हुए उन्हें बाल आश्रम एवं खुला आश्रय गृह भेजा।



### सूचना पर संयुक्त टीम गठित कर किया निरीक्षण

महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचना मिली थी कि विधानसभा थाना क्षेत्र में संचालित कुछ राइस मिलों में बालकों से श्रम कराया जा रहा है। इस सूचना पर विभाग के अधिकारी-कर्मचारी के साथ राजस्व विभाग, श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने राइस मिलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आरके राइस टेक प्राइवेट लिमिटेड में 1 बालक और 2 बालिका, ग्रो एग्रो फूड्स में 4 बालक एवं अंबिका राइस मिल में 2 बालक श्रम करते पाए गए। इस तरह राइस मिलों में 9 नाबालिग बालश्रम में संलग्न मिले। रेस्क्यू किए गए बच्चों में 2 बालिकाओं को खुला आश्रय गृह में रखा गया है, वहीं बालकों को बाल आश्रम भेजा गया है।

### इसके तहत की जाएगी कार्रवाई

इस मामले में नाबालिगों से श्रम कराने वाले मिलरों के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम 2015, भारतीय न्याय संहिता 2023, बालक एवं कुमार श्रम अधिनियम 1986 संशोधित 2016 की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध करने की तैयारी की जा रही है।

### 9 बच्चों को किया गया रेस्क्यू

3 राइस मिलों में निरीक्षण के दौरान 9 बच्चों को रेस्क्यू किया है। इन सभी बच्चों से मिलों में श्रम कराया जा रहा था। रेस्क्यू कर बच्चों को आश्रम भेजा गया है, वहीं मिलरों के विरुद्ध आगे की कार्रवाई करने की प्रक्रिया की जा रही है। *- संजय निराला, संरक्षण अधिकारी, गैर संस्थागत देखरेख*

# हसदेव एक्सप्रेस में युवक ने लगाई फांसी, चार दिनों से था लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- ट्रेन के जनरल कोच की सीट पर मिला युवक का लटका हुआ शव

रायपुर से कोरबा जाने वाली हसदेव एक्सप्रेस में नागपुर सुदर्शन नगर के 24 वर्षीय यश रोशन नन्हेत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दुर्ग से ट्रेन जब धुलाई के बाद रायपुर के प्लेटफार्म नंबर 3 पर पहुंची, तब सफाई कर्मचारी ने जरनल कोच की सीट पर युवक का लटका हुआ शव देखा। इसके बाद तत्काल जीआरपी और आरपीएफ को इसकी जानकारी दी गई। दूसरी ओर ट्रेन में आत्महत्या की खबर मिलने पर स्टेशन में हड़कंप मच गया। हसदेव में सफर करने वाले यात्री भी उस कोच में सफर करने से दूरी बनाने लगे। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी मुताबिक ट्रेन जब दुर्ग से रायपुर के लिए रवाना हुई, उसी बीच युवक ट्रेन में चढ़ गया था। दोनों तरफ का दरवाजा बंद कर सीट पर कपड़े से फांसी का फंदा बनकर आत्महत्या कर ली। युवक ट्रेन में कब और कैसे चढ़ा, इसकी जांच करने दुर्ग जीआरपी भी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। यह पूरी घटना शाम 4 बजे की बताई जा रही है।



### चार दिनों से घर नहीं पहुंचा था युवक

युवक की पहचान पर्स में रखे जरूरी कार्ड से हुई है। घटना के बाद जीआरपी युवक के मामा को आत्महत्या की जानकारी दे चुकी है। जीआरपी के मुताबिक युवक के मामा ने बताया कि यश बीते चार दिनों से घर नहीं पहुंचा है, जिसकी खोज घर वाले भी नागपुर में कर रहे थे। जानकारी के बाद मृतक के घर वाले रायपुर के लिए निकल चुके हैं, जिसके बाद आत्महत्या की मुख्य वजह पता चलेगी। बता दें कि मृतक प्राइवेट जॉब करता था। जीआरपी हर पहलू पर इसकी जांच शुरू कर चुकी है।

# भक्तिन माता राजिम की जयंती पर निकलेगी भव्य बाइक रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साहू समाज की आराध्य देवी भक्तिन माता राजिम की जयंती 7 जनवरी को धूमधाम से मनाई जाएगी। साहू समाज के लोग जयंती के एक दिन पहले रायपुर से राजिम तक भव्य बाइक रैली निकाली। यह रैली तेलघानी नाका चौक से प्रारंभ होगी, जो राजिम में समाप्त होगी।

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने बताया कि भक्तिन माता राजिम की जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए बुधवार को रायपुर के भामाशाह छात्रावास में बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में राजिम जयंती के एक दिन पहले आयोजित होने वाले बाईक रैली को लेकर चर्चा हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। पवन साहू ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजिम जयंती के अवसर पर भव्य बाइक रैली युवा प्रकोष्ठ निकालेगा। यह रैली तेलघानी नाका चौक से प्रारंभ होकर राजिम में समाप्त होगी। इस रैली में प्रकोष्ठ से जुड़े प्रदेशभर से युवा कार्यकर्ता शामिल होंगे।

बैठक के माध्यम से पवन साहू ने प्रदेश के सभी साहू समाज के लोगों से राजिम जयंती के दिन अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की, जिसे पदाधिकारियों ने समर्थन दिया है।

कांग्रेस पार्षद दल ने लगाया आरोप, जिला कलेक्टर से की शिकायत

# तालाब और नहर किनारे जमीन वालों से भरवाया जा रहा पीएम आवास 2.0 का फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

कांग्रेस पार्षद दल के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह से मुलाकात की। कांग्रेसी पार्षदों ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में अपात्र लोगों से फार्म भरवाया जा रहा है। ऐसे लोग जिनकी तालाब व नहर किनारे जमीन है, उनसे फार्म भरवाया जा रहा है, जबकि नियम के तहत ऐसी जमीन पर किसी भी तरह के निर्माण की अनुमति नहीं दी जा सकती।

कांग्रेस पार्षद दल ने जिला कलेक्टर से कहा कि जिनके पास पट्टा नही है, ऐसे लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास उपलब्ध कराने धड़ल्ले से नियम विपरीत जाकर फार्म भरवाने में जन प्रतिनिधि लगे हुए हैं। जिनका पट्टा वैध है, उन्हें आवास बनाने की अनुमति देने में कोई आपत्ति नहीं है। पार्षदों ने कहा कि जाति प्रमाणपत्र बनाने में भी अड़ंगा लगाया जा रहा है, जिससे आवेदक परेशान हो रहे हैं। महापौर एजाज ढेबर, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सभापति प्रमोद दुबे ने कहा अमलीडीह में जमीन प्रकरण गरमाया हुआ है। उल्टे आरोप यह लगाया जा रहा है कि अमलीडीह की जमीन कांग्रेस की सरकार ने दी थी। यदि यह वह जमीन कांग्रेस सरकार ने दी भी तो कालेज बनाने के लिए दी, न कि बिल्डर को। बेशकीमत जमीन अब बिल्डर को थमा दी गई है।

कांग्रेसी पार्षदों ने कहा 7 हजार वर्गफीट तक की जमीन देने का अधिकार कलेक्टर के पास है। उससे अधिक की जमीन का आवंटन 5 लोगों की कमेटी के बैठक में निर्णय के बाद ही होता है। उस कमेटी में राजस्व मंत्री, राजस्व विभाग के सचिव व अन्य अधिकारी होते हैं।



### ये रहे शामिल

कलेक्टर से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल में महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सहदेव व्यवहार, जितेन्द्र अग्रवाल, पार्षद उत्तम साहू, बीरेन्द्र देवांगन, धनेश बंजारे पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम विभार, डॉ. अन्नूराम साहू, हेमंत साहू शामिल थे।

## पेज 11 के शेष ...

### लाल उम्मेद सिंह ....

को एसपी मुख्यमंत्री सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। हरीश राठौर सेनानी वीआईपी बटालियन माना रायपुर में पदस्थ थे। गृह विभाग के अवर सचिव डीएस धुर्वे ने आदेश जारी किया है।

### मौके पर फोरेंसिक ....

गए। जब तक फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची, मौके से साक्ष्य नष्ट हो गए थे।

### उपकरण लेकर 11 साल ....

अधिवक्ता प्रशांत सोनी ने बताया कि हरियाणा की कंपनी हेल्थ केयर डिवाइसेस द्वारा वर्ष 2013 में जरूरी उपकरणों की सप्लाई आर्डर पर स्वास्थ्य विभाग को की गई थी। करीब 11 लाख रुपए का भुगतान नहीं किए जाने पर कंपनी ने हरियाणा न्यायालय में वाद दायर किया था, जिस पर उनके पक्ष में फैसला आया। इसके बाद राशि वसूली के लिए उनके द्वारा रायपुर जिला न्यायालय में याचिका दायर की गई थी।

मार्च 2024 में न्यायालय ने संचालक स्वास्थ्य सेवाएं से राशि वसूली के लिए कुर्की आदेश जारी किया था। उस दौरान विभागीय अधिकारी द्वारा फंड की कमी बताई गई थी और राशि मिलने पर भुगतान किए जाने का आश्वासन दिया गया। राशि नहीं मिलने पर प्रार्थी पक्ष के आवेदन पर न्यायालय की ओर से पुनः कुर्की आदेश जारी किया गया था, जिस पर मौखिक तौर पर पुनः जल्दी भुगतान का आश्वासन दिया गया था, पर ऐसा नहीं हुआ। बुधवार को अधिवक्ता बीआर बारीक, प्रशांत सोनी, परीक्षित तिवारी सहित अन्य लोग मचकुरी के साथ स्वास्थ्य संचालनालय पहुंचे। उन्होंने अपने आने की मंशा बताई, मगर वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिले। राशि वसूली के लिए वाहनों की जब्ती प्रक्रिया शुरू की गई, मगर इसमें सहयोग नहीं मिल पाया। स्वास्थ्य संचालनालय में इस घटना से अजीबोगरीब स्थिति बन गई थी। **ब्याज सहित राशि 27.78 लाख हुई:** ग्यारह साल पहले जब डिवाइस की सप्लाई की गई थी, तो उसकी कीमत 11 लाख के आसपास थी। कंपनी को इसका भुगतान करने में कोताही बरती गई, जिससे लंबा वक्त बीत गया और ब्याज सहित राशि 27 लाख 78 हजार रुपए तक पहुंच गई। अधिवक्ता प्रशांत सोनी ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी कुर्की आदेश का पालन नहीं करने दिया गया। अब अधिकारियों पर न्यायालय के आदेश की अवमानना का मामला दायर किया जाएगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भ :- जिला - रायपुर तहसील - धरसीवा प.ह.न. - 00013 छपोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CG-2024-25-108-1-4463

**ईश्तहार**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम छपोरा के वर्तमान भूमिस्वामी **ANAND SINGHANIA पिता/पति-NA पता- AVINASH HOUSE, MARUTI BUSINESS PARK, GE. ROAD RAIPUR CG, SURESH TANDI पिता/पति - LATE GHANSHYAM TANDI पता - RAWATPURA COLONY, PHASE-1, BHATAGAON CHOWK, RAIPUR CG.** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15000/1 (0.0093) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता कल्याणी श्रीवास्तव पिता/पति-विनय कुमार श्रीवास्तव पता-एलआईजी 320508 वार्ड नं 14 मारुती स्कूल के सामने नेहरु नगर रीवा मध्यप्रदेश के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/12/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार :
RAJENDRA CHANDRAKAR
तहसील - धरसीवा

## खबर संक्षेप



### सुशांत बने कालीबाड़ी समिति के उपाध्यक्ष

**रायपुर।** बंगाली कालीबाड़ी समिति के उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर समाजसेवी सुशांत बोस का बुधवार को भाजपा नेता राजकुमार राठी, किशोर नायक, सुब्रत घोष, उमेश मालेवर, भंवरलाल सेन, राजेश जीवनणी द्वारा आतिशबाजी कर फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

### भूगोल प्रायोगिक के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 19 को

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की सत्र 2024-25 की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा के अंतर्गत भूगोल विषय के बीए एवं बी-कॉम प्रथम सेमेस्टर की भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 19 दिसंबर को सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। यह जानकारी दुर्गा महाविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष ने देते हुए बताया कि सभी विद्यार्थी समय में आकर इस परीक्षा में शामिल होंगे।

### संपत्ति विरूपण करने पर जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 7 नगर निवेश टीम ने बुधवार को कोटा मार्ग में क्रेस्ट ग्रीन के पास शासकीय संपत्ति का विरूपण करने पर श्रीराम सेवा सदन गर्ल्स हॉस्टल महोबा बाजार के संचालक को नोटिस देते हुए 10 हजार रूपये का जुर्माना किया है। विद्युत पोल में प्रचार संबंधी विज्ञापन लगाए जाने पर जोन की टीम ने नियम अनुसार जुर्माना किया।

### पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

**रायपुर।** राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की पुण्यतिथि के मौके पर 12 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे तेलीबांधा तालाब के किनारे स्थित राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त उद्यान में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित है। नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से प्रतिमा स्थल पर यह कार्यक्रम आयोजित है।

# छात्रों का 'आधार' गलत, इसलिए नहीं बन पा रहा डिजिटल लॉकर, पैरेंट्स साझा नहीं कर रहे आईडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रत्येक छात्र को एक यूनिक नंबर देने के लिए उनकी अपार आईडी तैयार की जा रही है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र से ही इसकी शुरुआत कर दी गई है, लेकिन राजधानी इस कार्य में पिछड़ गया है। हालात ये हैं कि मात्र 29% छात्रों की अपार आईडी निर्माण के साथ रायपुर प्रदेश में सबसे पीछे है। स्थिति सुधारने रायपुर जिले के सभी निजी विद्यालयों की बैठक बुधवार को सिविल लाइन स्थित जेपी डागा विद्यालय में रखी गई। जिला शिक्षा कार्यालय ने दो पालियों में यह बैठक ली। पहली पाली में दोपहर 2 से 4 बजे तक अभनपुर, आरंग, धरसींवा और तिल्दा के अंतर्गत आने वाले 425 निजी स्कूलों की बैठक हुई। दूसरी पाली में 4 से 6 बजे तक रायपुर शहर के 499 स्कूलों की बैठक ली गई। बैठक में विद्यालयों से छात्रों की अपार आईडी अब तक तैयार नहीं हो सकने के कारणों पर चर्चा हुई। अधिकतर स्कूलों का कहना था कि छात्रों के आधार कार्ड में दर्ज नाम और दाखिला-खारिज रजिस्टर में दर्ज नाम में अंतर है। अलग-अलग नाम होने के कारण अपार आईडी नहीं बन पा रही है। विद्यार्थियों के नाम के सदंर्भ में दाखिला-खारिज में दर्ज नाम ही मान्य होते हैं। ऐसे में छात्रों के आधार कार्ड में सुधार करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर स्पेशल कैंप लगाए जाएंगे, जहां छात्रों के आधार कार्ड में सुधार होगा।

## स्कूली विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने में रायपुर सबसे पीछे, सिर्फ 29% कार्य

### अभिभावकों का भी पहचान पत्र जरूरी

छात्रों की अपार आईडी तैयार करने अभिभावकों का पहचान पत्र भी अनिवार्य है। पूर्व में पालकों से आधार कार्ड अथवा पैन कार्ड ही मांगा जा रहा था। इसे देने में हिचकिचाहट को देखते हुए अब ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता परिचय पत्र, पासपोर्ट का भी विकल्प दिया गया है। इसके बाद भी बड़े पैमाने में पालक अपनी आईडी साझा नहीं कर रहे हैं। गौरतलब है कि अपार आईडी एक यूनिक पहचान पत्र है। छात्रों का पूरा अकेडमिक डाटा इस आईडी कार्ड में रखा जाएगा। यह एक तरह से छात्रों के अकेडमिक इतिहास का एक डिजिटल रिकॉर्ड बनाता है, जिससे छात्रों की पहचान सुरक्षित और सुगम होती है।




### सरकारी में 2.4 लाख तथा निजी में 2.8 लाख विद्यार्थी

*अपार आईडी निर्माण के संदर्भ में जिले में शासकीय विद्यालयों की स्थिति निजी विद्यालयों की तुलना में अच्छी है। रायपुर जिले में शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों की संख्या 2 लाख 40 हजार है। जबकि निजी स्कूलों में यह संख्या 2 लाख 80 हजार है। अन्य जिलों में 50 फीसदी छात्रों की आईडी निर्मित हो चुकी है। रायपुर जिले के स्कूलों को 20 दिसंबर तक का समय आईडी निर्माण के लिए दिया गया है। इसके बाद कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। बैठक में निजी विद्यालयों के प्राचार्य, प्रतिनिधि सहित जिला शिक्षा कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।*

# धान खरीदी केंद्रों के कंप्यूटर आपरेटर आज से हड़ताल पर

*नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर करेंगे प्रदर्शन*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 2 हजार से अधिक डाटा एंट्री आपरेटर अपनी 3 सूत्रीय मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन करेंगे। 12 दिसंबर से हड़ताल पर जा रहे डाटा एंट्री आपरेटरों का कहना है, उनकी इस हड़ताल से प्रदेश में चल रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रभावित होगा। इसकी सभी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रदेशभर के धान खरीदी डाटा एंट्री आपरेटरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विभागीय मंत्री के मौखिक आश्वासन के बाद भी लंबित मांगों पर निर्णय नहीं लिए जाने से नाराज डाटा एंट्री आपरेटरों ने प्रांतीय संगठन के आव्हान पर स्थगित आंदोलन को फिर से प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे का कहना है, 12 दिसंबर से राजधानी के नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर प्रदेशभर के डाटा एंट्री आपरेटर अपने हक की आवाज बुलंद करने जुटेंगे। उनकी प्रमुख मांग है, धान खरीदी कंप्यूटरीकरण वर्ष 2007 से कार्यरत डाटा एंट्री आपरेटरों को खाद्य विभाग में संविलयन किया जाए। इसके साथ ही संविदा वेतनमान में 27 फीसदी वृद्धि का लाभ प्रदान कर 23,350 रुपए मासिक संविदा वेतनमान अगस्त 2023 से दिया जाए। तीसरी प्रमुख मांग धान खरीदी विपणन वर्ष 2024-25 की कंडिका और आगामी खरीफ वर्ष 2025-26 में समितियों में डाटा एंट्री आपरेटरों की व्यवस्था छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा आउट सोर्सिंग नियोजित करने के संबंध में माह अप्रेल 2025 में कार्यवाही को विलोपित किया जाए।

- 3 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेशभर के 2739 डाटा एंट्री आपरेटर लामबंद

### स्वच्छता दीदी का प्रदेश स्तरीय धरना, 4 सूत्रीय मांग



छत्तीसगढ़ स्वच्छता दीदी महिला, पुरुष महासंघ के बैनर तले प्रदेशभर की स्वच्छता दीदी इन दिनों नवा रायपुर स्थित तूता धरना स्थल पर प्रदर्शन कर रही हैं। उनकी प्रमुख है, छत्तीसगढ़ की स्वच्छता दीदी को कलेक्टर दर से मानदेय का भुगतान किया जाए। भारत सरकार की स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य कर रही स्वच्छता दीदी को वर्तमान में केवल 7,200 रुपए मानदेय मिलता है, जो कि बढ़ती महंगाई के हिसाब से बहुत कम है। आंदोलन कर रही स्वच्छता दीदी गाड़ी रिक्शा का शासन द्वारा मरम्मत और दस्ताना तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग कर रही हैं। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन नायक ने बताया कि पूरे भारत में जब लॉकडाउन रहा, तब कोरोनाकाल में भी उनके साथियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना कचरा कलेक्शन का काम किया है। इसके बाद भी शासन की तरफ से स्वच्छता दीदी की मांग की अनदेखी की जा रही है। इससे कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल करने बाध्य हैं।

### डाटा एंट्री आपरेटर इस बात को लेकर हैं नाराज

- धान खरीदी नीति में अप्रैल 2025 में आउटसोर्सिंग कार्यवाही करने शासन का आदेश।
- आपरेटरों का विभाग तय नहीं किया गया है।
- 5 माह से नहीं मिला वेतन
- पिछली हड़ताल के 37 दिन के कार्य अवधि मानने संबंधी आदेश शासन द्वारा अब तक जारी नहीं।

# गांवों में जन औषधि, अब सहकारी समितियां खोल रहीं दवा दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




राज्य के ग्रामीण इलाकों में भी प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों के माध्यम से लोगों को सस्ती जेनेरिक दवाएं मिलने लगी हैं। सहकारी समितियों द्वारा इन दवा दुकानों में दिलचस्पी दिखाई गई है और दो दर्जन गांवों में इसका संचालन शुरू हो गया है। कई इलाकों के आवेदन पर प्रक्रिया पूरी की जा रही है। दो महीने पहले स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विभागीय अधिकारियों को प्रदेश में पांच सौ प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने की तैयारी करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद ही आम लोगों को सस्ती जेनेरिक दवा उपलब्ध कराने के लिए मैदानी स्तर पर कार्यवाही शुरू की गई थी, जिसका असर अब नजर आने लगा है। पूर्व में राज्य द्वारा संचालित धनवंतरी दवा केंद्रों पर ज्यादा फोकस किए जाने की वजह पीएम भारतीय जन औषधि केंद्रों की तरफ ध्यान नहीं दिया गया था। इसकी वजह से योजना की शुरुआत के दौरान दो सौ की संख्या में खुले जन औषधि धीरे-धीरे घटकर 71 हो गए थे। विभागीय दिलचस्पी के बाद इनकी संख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। शहरी के साथ अब ग्रामीण इलाकों में भी यह दवा केंद्र खुलने लगे है। बीज, खाद उपलब्ध कराने वाली सहकारी समितियों द्वारा गांवों में जन औषधि केंद्र का संचालन किया जा रहा हैं।

### पचास स्वास्थ्य केंद्रों में तैयारी

रायपुर जिले के गुढ़ियारी, मंदिर हसौद, भाठागांव, देवपुरी, राखी, सेजबहार सहित अन्य जिलों के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जन औषधि केंद्र खोलने की तैयारी चल रही है। इन स्वास्थ्य केंद्रों में दवा दुकान खुलने के बाद वहां आने वाले मरीजों को सस्ती में कई तरह की बीमारियों की दवा आसानी से मिल जाएगी। निजी सेक्टर में भी इनकी संख्या बढ़ाने का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है।

### आ रहे आवेदन

प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने के लिए सहकारी समितियों ने दिलचस्पी दिखाई है। इसके अलावा स्वास्थ्य केंद्रों में इसे प्रारंभ करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

**- अनिश वोडितेलवार,** राज्य समन्वयक, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र

## शिव महापुराण कथा 24 से, कथास्थल का लिया जायजा



**रायपुर।** सेजबहार में 24 दिसंबर को श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। इसमें कथावाचक अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा होंगे। कथास्थल का जायजा आयोजक मंडल के साथ ही पुलिस प्रशासन की टीम ने लिया। लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के लिए आयोजक मंडल द्वारा लगातार तैयारी की जा रही है। फिलहाल कथास्थल को समतल कराया जा रहा है। इस संबंध में आयोजक मंडल के प्रमुख कमल देवांगन और देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने पूरा देवांगन समाज एकजुट होकर कार्य करेगा। पुलिस प्रशासन और आयोजक मंडल के पदाधिकारी तथा सदस्यों द्वारा निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के अलग-अलग बिंदुओं पर चर्चा हुई। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था कैसी रहेगी, कहां-कहां पर सुरक्षा टीम लगाई जाएगी, इस संबंध में भी विमर्श किया गया।

## बिजनेस साइट

## रावणभाठा मैदान पर डिज्नीलैंड मेला शुरू

**रायपुर।** रावणभाठा मैदान पर डिज्नीलैंड मेला शुरू हो गया है। इसका उद्घाटन राजेश्री महंत रामसुंदर दासजी महाराज और फिरोज अख्तर ने किया। इस बार मेले में जलपरियां और इंटरनेशनल फिश टनल प्रमुख आकर्षण हैं। 6000 वर्गफीट में बने इस एक्वेरियम में 45 प्रजातियों की 15000 से ज्यादा मछलियां प्रदर्शित हैं। खासतौर पर टनल के अंदर जलपरियों का प्रदर्शन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। मेले में बच्चों के लिए झूले जैसे स्क्रीम टॉवर और जायंट फ्रिस्बी जोड़े गए हैं। साथ ही यहां हस्तशिल्प और हैंडलूम उत्पादों का भी खास बाजार है, जिसमें कश्मीरी साड़ी, राजस्थानी जूती, बनारसी सिल्क और खादी शर्ट जैसी वस्तुएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा स्वाद प्रेमियों के लिए फूड जोन और अन्य मनोरंजन की भी व्यवस्था की गई है। मेला रोज शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहता है।


- इंटरनेशनल फिश टनल और जलपरियां आकर्षण का केंद्र



## भामरा गार्डन में शुरू हुआ नया पिकनिक पैकेज

**रायपुर।** सिरपुर स्थित भामरा गार्डन ने एक नया और आकर्षक पिकनिक पैकेज लॉन्च किया है, जो स्कूल, ऑफिस या परिवार के साथ एक यादगार अनुभव देने का वादा करता है। यह पैकेज नाश्ता, दोपहर का भोजन, हाई-टी और पूल पार्टी जैसी सुविधाओं से लैस है। केवल 650 रुपए प्रति व्यक्ति में उपलब्ध इस पैकेज का लाभ न्यूनतम 50 व्यक्तियों के समूह द्वारा उठाया जा सकता है। बार नवापारा छत्तीसगढ़ में स्थित घुसकुंद झरना और भामरा गार्डन पर्यटकों के लिए एक आदर्श पिकनिक स्थल है। पिकनिक के दौरान पर्यटक जंगल सफारी का आनंद ले सकते हैं और घुसकुंद झरने की सुंदरता को निहार सकते हैं। इसके अलावा, रात के समय यहां कैंप फायर की सुविधा भी उपलब्ध है, जो इस स्थान को और भी आकर्षक बनाता है।

- परिवार और दोस्तों के लिए बेहतरीन अनुभव



## डीआरयूसीसी की सलाहकार समिति में अश्विन गर्ग



**रायपुर।** उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (डीआरयूसीसी) की सलाहकार समिति में महाप्रबंधक द्वारा मनोनीत किया गया है। उनका कार्यकाल 16 अगस्त 2024 से 15 अगस्त 2026 तक दो वर्षों के लिए होगा। श्री गर्ग का यह मनोनयन उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और रेलवे क्षेत्र के प्रति उनके योगदान की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले भी श्री गर्ग ने उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व किया था।

- उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष का मनोनयन

## जीएसटी के सरलीकरण का आग्रह

## जीएसटी काउंसिल की बैठक 21 को चैंबर ने केन्द्रीय वित्तमंत्री को भेजा सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

21 दिसंबर को नई दिल्ली में 55वें जीएसटी काउंसिल की बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में जीएसटी सरलीकरण को लेकर छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स की ओर से बिंदुवार सुझाव केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को भेजा गया। प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया गया है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने संयुक्त रूप से बताया कि 21 दिसम्बर को होने वाली जीएसटी काउंसिलिंग की बैठक में सुझाव देने के लिए हाल ही में बाम्बे मार्केट स्थित चैंबर के सभा भवन में विभिन्न व्यापारिक- औद्योगिक संगठनों एवं चैंबर के पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें अलग-अलग तरह के सुझाव प्राप्त हुए इसे सूचीबद्ध कर बुधवार को चैंबर की ओर से केन्द्रीय वित्तमंत्री को भेजा गया।

- व्यापारिक, औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियों की हुई थी बैठक

Chhattisgarh Chamber Of Commerce & Industries

### प्रमुख सुझाव इस तरह

- इनपुट टैक्स क्रेडिट जीएसटीआर 2बी के आधार मान्य होने सम्बन्धी प्रावधान को वापस लिया जाए।
- क्रेता द्वारा क्रय संबंधी सभी दस्तावेज एवं भुगतान संबंधी समस्त प्रमाण दिया गया है तो विभाग द्वारा
- विक्रेता पर ही कार्यवाही की जानी चाहिए।
- न्यूनतम दंड पर पुनर्विचार संबंधी सुझाव ।
- पंजीकृत करदाताओं का क्रॉस-ज्यूरिस्डिक्शन और पुनर्मूल्यांकन
- राजस्व तटस्थ मामलों की पहचान।
- नियम 86 बी के प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी सुझाव।

## तलाक बिना दूसरी महिला के साथ रहने लगा, पति ने कान पकड़कर मांगी माफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पत्नी से तलाक हुए बिना पति दूसरी महिला के साथ रहने लगा था। इस प्रकरण में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने सुनवाई करते हुए पति से कान पकड़कर माफी मंगवाई, वहीं दूसरी महिला को भी सुधरने का अवसर देते हुए उसे दो महीने के लिए नारी निकेतन भेजने का आदेश सुनाया। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया, लक्ष्मी वर्मा, ओजस्वी मंडावी एवं दीपिका शोरी ने बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक प्रकरण में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ केस किया था कि वह उसे तलाक लिए बिना किसी दूसरी महिला के साथ रह रहा है। सुनवाई के दौरान उसके पति ने भी इस आरोप को स्वीकार किया। इस पर आयोग ने सबसे पहले आरोपी पति को कान पकड़कर माफी मंगवाई और दूसरी महिला के पास घर नहीं होने तथा सुधरने का मौका देकर दो महीने के लिए नारी निकेतन भेजने का निर्णय सुनाया।

- ग्रामीण इलाकों में दो दर्जन जन औषधि केंद्र का संचालन, कई क्षेत्रों के लिए आवेदन




### ठगी मामले में एफआईआर करने के निर्देश

*अन्य प्रकरण में आयोग ने एक महिला से एक लाख रुपए की ठगी करने के मामले में आरोपी के विरुद्ध एफआईआर करने के निर्देश दिए है। महिला ने आयोग को बताया कि वर्ष 2018 में उसने आरोपी को एक लाख रुपए उधार दिए थे, जिसे वह वापस लौटा नहीं रहा है। उधार दिए पैसों का लिखित में दोनों पक्ष के बीच इकरारनामा में भी हुआ था, जिसमें आरोपी के हस्ताक्षर भी है। इकरारनामा पेश करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने एक लाख रुपए लिए है। आरोपी के स्वीकार करने पर आयोग ने महिला से कहा कि वह इस मामले में आरोपी के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज करवाए।*

### आरोपी नई बैटरी व आरटीओ की राशि दिलाने के लिए हुआ राजी

एक अन्य प्रकरण में एक महिला ने शो रूम से ई-रिक्शा खरीदा था जिसकी बैटरी जल्दी खराब हो गई। महिला ने आरोप लगाया कि बैटरी पुरानी थी, जिसके कारण वह खराब हो गई। महिला ने इसकी शिकायत शो रूम में की थी, लेकिन संचालक बैटरी बदलने के लिए राजी नहीं हुआ। महिला ने बताया कि शो रूम के संचालक ने बैटरी की गारंटी कार्ड में दूसरे का नाम लिखा है, जिसे बहाना बनाकर वह लगातार बैटरी बदलने से बच रहा था। आयोग की सुनवाई के दौरान आरोपी ने अपनी गलती मानी और एक माह के भीतर महिला को नई बैटरी तथा आरटीओ की राशि दिलाने के लिए राजी हुआ।

## बढ़ रही ठंड...सरगुजा में छाई धुंध माना में तापमान तीन डिग्री नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लगातार दूसरे दिन तापमान में गिरावट होने की वजह से प्रदेश में बढ़ती ठंड असर दिखा रही है। तापमान में गिरावट की वजह से सरगुजा के कई इलाकों में रात होने के बाद धुंध छाने लगी है। राजधानी की तुलना में बाहरी इलाके में लोग कांपने लगे हैं। पिछले चौबीस घंटे में माना का तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम रिकार्ड किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तर की शुष्क हवा के प्रभाव से बलरामपुर, पेंड्रा सहित अन्य इलाकों में शीतलहर की स्थिति बनने लगी है। सीमावर्ती जिलों में सुबह ओस की बूंदें जमने लगी हैं और देर तक धुंध अपना असर दिखा रही है। रायपुर में भी ठंड का प्रभाव काफी अधिक है। नमी की वजह से बीस डिग्री दर्ज किया जा रहा न्यूनतम तापमान अचानक कम होकर 13 डिग्री पहुंच गया है, जिसकी वजह से भी लोग कांपने लगे हैं। शहर के रिहायशी इलाकों की तुलना में खुले इलाकों में भी कड़ाके की ठंड महसूस हो रही है और माना का न्यूनतम तापमान 11

- चौबीस घंटे में प्रदेश के न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री की गिरावट




आवश्यकता हैं
हरिभूमि
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिये आवेदन आमंत्रित है
स्वयं का वाहन आवश्यक
रिपोर्टर, प्रसार प्रतिनिधि - 2
योग्यता - 12वीं से स्नातक, अनुभवती को प्राथमिकता
संपूर्ण बायोडाटा
Resume Email या Whatsapp करें
Cir.haribhoomi@gmail.com
8370049468, 8224035555
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
जिला ब्यूरो कार्यालय
भाटापारा रोड, बस स्टैण्ड बलौदाबाजार (छ.ग.)

हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 12 दिसंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



युवा जोश... स्वामी विवेकानंद के ...


**लाइव इवेंट**

## आजादी के आंदोलन में भाषा नहीं बनी बाधा, पूरा देश एक उद्देश्य लेकर लड़ी जंग




**रायपुर।** भारत में संस्कृत भाषा सभी भाषाओं की मूल है, उनसे ही अनेक भाषाएं विस्तारित होती गईं। आज चाहे गोंडी बोली हो या तमिल, उनमें संस्कृत के धातु शब्द मिलते हैं। वैदिक ज्ञान का जब बंगाल और तमिलनाडु में अध्ययन किया गया तो दोनों ही स्थानों में वैदिक ज्ञान एक ही निकला। इसका मतलब है कि संस्कृत में व्यक्त ज्ञान को संरक्षित रखने का सबसे वैज्ञानिक माध्यम है। बुधवार को रविवि में आयोजित व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने अपने संबोधन में यह जानकारी दी। जिन्होंने कहा, भारत पहुंचे विदेशी लोगों ने भाषा का वर्गीकरण करने का प्रयास किया। साथ ही अपनी भाषा को श्रेष्ठ बताकर क्षेत्रीय स्तर पर भाषा परिवर्तन का कार्य प्रारंभ किया।

### भाषा दिवस पर व्याख्यान का आयोजन

रविवि में 'भारतीय भाषा उत्सव' के दौरान व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल ने की एवं सरस्वती शिक्षण संस्थान के सचिव विवेक सक्सेना शामिल हुए। मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा, भारतीय भाषा दिवस मनाने का निर्णय केंद्र सरकार ने लिया है। आजादी के आंदोलन में भाषा कोई बाधा नहीं बनी, पूरा देश एक उद्देश्य को लेकर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ता रहा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद विधानसभा और न्यायपालिका में छत्तीसगढ़ी का प्रयोग किया जा रहा है। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा दी जा रही है। प्रदेश में गोंडी, हल्बी, भरथरी जैसी बोली सुनने को मिलती है।

आईजीकेवी में कृषि अर्थशास्त्र से जुड़े एक्सपर्ट बोले- खेत को खाली छोड़ने से बचें छत्तीसगढ़ के किसान

# हर साल देश में घट रहे खेत, धान के बाद अब सब्जियों की खेती से बढ़ेगी किसानों की आमदनी

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में बुधवार से कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान को लेकर 32वें तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का आगाज हुआ। इसमें देशभर से कृषि अर्थशास्त्र एवं अनुसंधान से जुड़े विद्वान 13 दिसंबर तक संवाद करने वाले हैं। हरिभूमि ने जब कृषि अर्थशास्त्र से जुड़े विद्वानों से छत्तीसगढ़ की कृषि को लेकर बात की तो उनका कहना था कि धान की कटाई के बाद खेत को खाली छोड़ने से यहां के कृषकों को बचते हुए उसमें फूलों, सब्जियों के अलावा दलहन की खेती पर फोकस करना चाहिए, इससे उनके जीवन में आर्थिक मजबूती आएगी।'



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ, नई दिल्ली का 'उच्च, सतत समावेशी विकास के लिए कृषि का डिजीटलीकरण' विषय पर तीन दिवसीय 32वां वार्षिक सम्मेलन शुरू हुआ। इसमें कृषि अर्थशास्त्री, नीति निर्माता एवं शोधकर्ता शामिल हुए। देश में आगामी दो दशकों में कृषि क्षेत्र की चुनौतियों पर मंथन चल रहा है। घटते संसाधनों व बढ़ती मांगों के बीच कृषि में डिजीटलीकरण को बढ़ावा देने, नवाचार को अपनाने पर मुख्य अतिथि आईजीकेवी के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और अध्यक्षता करते हुए कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ के अध्यक्ष डॉ. पीके जोशी ने पहले सत्र में जोर दिया। इंडियन सोसायटी ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स के अध्यक्ष डॉ. डीके मरोठिया, सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. प्रताप एस. बिरथल, डॉ. ज्ञानेन्द्र मणि ने बदलाव और नई तकनीक को लेकर जानकारी दी। वहीं आभार प्रदर्शन सम्मेलन के आयोजक सचिव डॉ. हुलास पाठक ने किया।

### कृषि उत्पादक कंपनी बनाएं किसान



बेंगलुरु से आए पूर्व कुलपति डॉ. सीजी चांगप्पा ने बताया कि चावल से लांग टाइम इनकम नहीं मिलती है। इसमें पानी की जरूरत ज्यादा होती है। यहां के किसान नमी का उपयोग कर अन्य फसलों का उत्पादन करें तो दोहरा फायदा मिलेगा। अब लोगों के पास खेत भी कम हो रहे हैं। बेहतर होगा कि किसान ग्रुप बनाकर कृषि भूमि को कृषि उत्पादक कंपनी के रूप में आगे बढ़ाएं। इसमें उन्हें बजट भी कम खर्च करना होगा, क्योंकि कृषि कंपनी को नाबार्ड और केंद्र सरकार से आर्थिक सहयोग भी मिलता है। ऐसा करने से किसानों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।



### बाजार में अच्छी कीमत भी मिलेगी



दिल्ली से आए प्रधान कृषि वैज्ञानिक डॉ. अंजनी कुमार ने चर्चा में बताया कि छत्तीसगढ़ के किसान सिर्फ धान की खेती पर ही फोकस करते हैं। इसकी कटाई के बाद खेत को खाली छोड़ देते हैं। इससे खेत की नमी का उपयोग दोबारा नहीं होता है। अगर धान कटाई के बाद दलहन, फूलों और फलों के साथ सब्जी की खेती से कृषक जुड़ें तो उन्हें खेत की नमी का फायदा मिलेगा। साथ ही बाजार में हमेशा डिमांड के चलते अच्छी कीमत भी मिलेगी। इससे धान से ज्यादा फायदा किसानों को अन्य फसलों से मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति भी बेहतर होने लगेगी।

### धान से दोगुनी होगी किसानों की आय




दिल्ली से आईं प्रो. सीमा बाठला ने बताया कि कृषि से जुड़े लोग अगर डेयरी, मिल्क, फलों व फूलों की खेती शुरू करें तो इससे उन्हें मूल फसल के अलावा अलग से इनकम का जरिया मिलेगा। इसके साथ खेतों में सब्जी की खेती करने पर जोर देना चाहिए। इसकी जरूरत हमेशा बाजार में रहती है। इससे आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। साथ ही कृषकों को दुधारू गायों का पालन करने पर फोकस करना चाहिए, क्योंकि दूध की बाजार में हमेशा मांग रहती है। गायों को चारा उन्हें खेतों से ही मिल जाएगा और कमाई भी धान से दोगुनी मिलने लगेगी।

**एजूकेशन अपडेट**

## पुलिस सब इंस्पेक्टर के लिए अब 25 दिसंबर तक आवेदन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने पुलिस विभाग में सूबेदार, सब-इंस्पेक्टर और प्लाटून कमांडर की भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की समयसीमा बढ़ा दी है। पात्र उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट psc.cg.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। रिवाइज्ड कार्यक्रम के मुताबिक, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में पुलिस सब-इंस्पेक्टर आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 25 दिसंबर है। इसके अलावा, बोर्ड ने आवेदन फॉर्म में सुधार करने की समय सीमा बढ़ा दी है। उम्मीदवार 26 दिसंबर से 27 दिसंबर के बीच बिना किसी फीस के अपने फॉर्म को एडिट कर सकते हैं। 28 दिसंबर से 29 दिसंबर, 2024 तक भुगतान करेक्शन विंडो उपलब्ध होगी। इस अवधि के दौरान बदलाव करने के लिए मामूली फील देना होगा। आधिकारिक नोटिफिकेशन में कहा गया है कि आवेदन फॉर्म में सुधार 26 दिसंबर 2024 को दोपहर 12 बजे से 27 दिसंबर 2024 को रात 11:59 बजे तक किए जा सकेंगे। 28 दिसंबर 2024 को दोपहर 12 बजे से 29 दिसंबर 2024 को रात 11:59 बजे तक भुगतान करके सुधार किए जा सकेंगे।



### इस तरह कर सकते हैं आवेदन

कैंडिडेट्स आवेदन करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट **psc.cg.gov.in** पर जाना होगा, जिसके बाद होमपेज पर सूबेदार, एसआई और प्लाटून कमांडर भर्ती के लिंक पर क्लिक करना होगा। नाम, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर जैसी बेसिक जानकारी प्रदान कर रजिस्ट्रेशन करने के बाद पर्सनल और एजुकेशनल जानकारी के साथ आवेदन फॉर्म भरें। एक फोटो, साइन और संबंधित सर्टिफिकेट समेत जरूरी डॉक्यूमेंट अपलोड करें। अपनी केटेगरी के मुताबिक, आवेदन फीस का भुगतान करें और फॉर्म जमा करें। आवेदन विंडो, जो शुरू में 23 अक्टूबर से 21 नवंबर 2024 तक खुली थी, छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में सूबेदार, एसआई और प्लाटून कमांडर की भूमिकाओं के लिए 341 वैकेंसी भरने के लिए भर्ती अभियान का हिस्सा है।

### छत्तीसगढ़ बोर्ड 10वीं 12वीं की डेटशीट जारी

*छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीजीबीएसई ने कक्षा 10वीं, 12वीं का एग्जाम शेड्यूल जारी कर दिया है। डेट शीट के मुताबिक, कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू होंगी और कक्षा 10वीं की परीक्षा 3 मार्च से शुरू होंगी। सीजीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा 3 से 24 मार्च 2022 तक आयोजित की जाएंगी, जबकि कक्षा 12 की परीक्षा 1 से 29 मार्च 2025 तक आयोजित की जाएगी। कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाएं सुबह 9.15 बजे शुरू होंगी और दोपहर 12.15 बजे तक जारी रहेंगी। छात्रों को सुबह 9 बजे तक अपनी निर्धारित सीटें ले लेनी चाहिए। आंसर सीट सुबह 9.05 बजे बांटी जाएंगी, इसके बाद 9.10 बजे पेपर पढ़ने के लिए बांटा जाएगा।*

फॉर्म में सुधार के लिए बढ़ाई समयसीमा

## दिव्यांग को हुनर से मिलेगी पहचान, कॅरियर बनाने अब सीख रहे इंग्लिश और हिंदी ब्रेल

**रायपुर।** साइटसेवर्स इंडिया द्वारा जिले के सभी बीआरपी और स्पेशल एजुकेटर के लिए ब्रेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन होटल रोमन पार्क में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं राज्य गीत के माध्यम से की गई। ब्रेल प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को समावेशी शिक्षा की अवधारणा, दृष्टिबाधित एवं अल्प दृष्टिबाधित बच्चों की पहचान, शिक्षा में आने वाली समस्याएं एवं समाधान इत्यादि पर विस्तृत चर्चा करते हुए ब्रेल लिपि के आविष्कारक, ब्रेल की पद्धति के संबंध में चर्चा करते हुए इंग्लिश, हिंदी ब्रेल, गणितीय उपकरण अबेकस एवं टेलर फ्रेम संबंधी परिचय तथा अभ्यास का कार्य करवाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के बीआरपी एवं स्पेशल एजुकेटर को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में तैयार किया जाना रहा।



**समाजसेवी संस्थाओं को जोड़ने का भी निर्णयः** इससे पूर्व कभी भी इस प्रकार का प्रशिक्षण आयोजित नहीं हुआ है। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर जिला मिशन समन्वयक द्वारा साइटसेवर्स इंडिया को कार्यक्रम आयोजित करने हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की तथा साथ ही भविष्य में भी साइटसेवर्स इंडिया द्वारा समय-समय पर तकनीकी सहयोग प्रदान करने हेतु अपने विचार सभी प्रतिभागियों के समक्ष रखें।

### भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण शिविरों का होगा आयोजन

अधिकारियों द्वारा साइटसेवर्स इंडिया के द्वारा आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण हेतु आभार एवं सराहना व्यक्त की गई। साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित करवाने हेतु सुझाव दिए। साइटसेवर्स इंडिया के द्वारा जिले से पधारे सभी अधिकारियों को सम्मान प्रतीक के रूप में पौधे भेंट किए गए। प्रशिक्षण के अंतर्गत इंग्लिश एवं हिंदी ब्रेल के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों को अंग्रेजी वर्णमाला, छोटे-छोटे शब्दों का निर्माण, वाक्य का निर्माण इत्यादि से संबंधित अभ्यास कार्य किया गया, जो कि प्रशंसनीय रहा अधिकारियों द्वारा यह भी बताया गया कि जिले में इस प्रकार के प्रशिक्षण की पहल साइटसेवर्स इंडिया के द्वारा की गई है जो कि प्रशंसनीय।

## साइबर क्राइम से कैसे बचें वर्कशॉप में बताएंगे विशेषज्ञ

**रायपुर।** हर हाथ में मोबाइल होने और ऑनलाइन खरीदी के साथ ही कई बार लोग साइबर क्राइम का शिकार हो जाते हैं। इससे बचने का रास्ता पता नहीं होने के कारण ग्रामीण ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्र में हजारों लोग भी इस तरह की जालसाजी में फंस जाते हैं। ऐसी परेशानी से बचने के साथ ही इससे बाहर निकलने के सभी बिंदुओं पर विशेषज्ञों से परामर्श दिलाने की कड़ी में एक मुहिम राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच 14 दिसंबर को सुबह 10 बजे चलाने जा रहा है। रायपुर मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में होने वाले आयोजन की जानकारी मंच से जुड़ी डॉ. वर्णिका शर्मा, रेखा पाठक ने बुधवार को पत्रकारवार्ता में दी।



### कैसे बचें, यह बताने का करेंगे प्रयास

उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम का शिकार हर वर्ग के लोग हो रहे हैं। इससे लड़ने के लिए साइबर योद्धा तैयार करना ही इस वर्कशॉप का उद्देश्य है। इसमें बतौर मुख्य वक्ता आलोक विजयंत, आरके विज शामिल होंगे। मुख्य अतिथि गोलोक बिहारी राय और विशेष अतिथि विक्रमादित्य सिंह होंगे। इस दौरान साइबर युद्ध के बढ़ते जाल में फंसने से बचने के लिए किस तरह से प्रयास करें, यह भी बताएंगे साथ ही अगर किसी कारण से फंस गए तो उससे कैसे निपटना चाहिए, इसकी जानकारी भी दी जाएगी।

होली हार्ट्स एजुकेशनल अकादमी में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन

**कार्नर न्यूज**

## मंच पर थिरके नन्हे कदम, डांस स्टेप भूलने पर अपनी जगह से पालकों ने दिलाया याद



**रायपुर।** पटियाला सूट मैनू आज...सानु कहन्दी...पंजाबी गीत पर नन्हे विद्यार्थियों की प्रस्तुति सभागार में आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान पंजाबी भाषा के साथ डांस की जानकारी बच्चों ने अपने अंदाज में साझा की। मंच पर पारंपरिक वेशभूषा में विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम की शुरुआत से ही परिजनों ने बच्चों का मनोबल तालियों के साथ बढ़ाने की कोशिश की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान नर्सरी से पांचवी कक्षा तक के नन्हे छात्रों ने प्रस्तुति दी। होली हार्ट्स एजुकेशनल अकादमी में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन बुधवार को हुआ। यह आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में किया गया। जयतु जयतु भारतम थीम पर आयोजित कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्य अतिथि बाल गोपाल अस्पताल के डायरेक्टर अशोक भट्टर उपस्थित रहे। जिन्होंने संबोधन में कहा, बच्चों को पढ़ाई नियमित रूप से करनी चाहिए। परिजन जो बातें बच्चों के सामने करते हैं, वही बातें बच्चे समझते और सीखते हैं, इसलिए बच्चों को लिए नकारात्मक शब्दों का प्रयोग मत कीजिए। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, मराठी, लोकगीत, आदिवासी जंगल डांस, सेमी क्लासिकल डांस जैसे अनेक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई।





### अनोखे अंदाज में किया रैंप वॉक

जब अपने मासूम अंदाज में रैप वॉक करते नन्हे बच्चों ने मंच पर एंट्री ली तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। इस दौरान कई बच्चों ने प्रोफेशनल ढंग से भी रैंप वॉक किया, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। बुधवार को जैक एन जिल स्कूल द्वारा 19वें वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। 'एनचांटेड- व्हेयर द मैजिक बिगिन्स' थीम पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। समारोह का समापन क्रिसमस और नए साल के विशिंग सॉन्ग के साथ किया गया, जिसमें सामूहिक रूप से सांता क्लॉज बनकर बच्चों ने डांस किया।

### अभिभावकों ने किया उत्साहित

स्वागतम शुभ स्वागतम...सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा..जैसे देशभक्ति गानों पर नन्हे कदमों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सभी चमचमाते पारंपरिक परिधान में शामिल हुए। सामूहिक नृत्य के दौरान सभी परिजन अपने बच्चों की तस्वीरें कैमरे में कैद करते दिखे तो वहीं कुछ बच्चे माता-पिता को देख उत्साहित नजर आए।

### शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित नाटक

शिवाजी महाराज की जीवनगाथा पर आकर्षक नाटक की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान जय भवानी, जय शिवाजी....के जयकारों से सभागार गूंज उठा। नाटक के दौरान शिवाजी महाराज के जीवन परिचय के साथ उनका अफजल खान के साथ युद्ध का दृश्य भी दिखाया गया। नाटक में चौथी कक्षा के छात्र शामिल हुए, जिन्होंने 5 मिनट की प्रस्तुति में दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इसमें तलवारबाजी और आतिशबाजी भी नन्हे कलाकारों ने दिखाई, सामूहिक नाटक में 48 छात्र शामिल हुए।

## समाज लाइव

# मानवीय मूल्यों की शिक्षा देने में समर्पित रहा कमला दीदी का जीवन



रायपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की क्षेत्रीय निदेशिका कमला दीदी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि समारोह पर कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया और राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर कमला दीदी के जीवन परिचय एवं आदर्शों से संबंधित चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, बालाजी अस्पताल के डॉ. देवेंद्र नायक, पार्षद अमर बंसल, समाजसेवी छगन मुंदड़ा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता, भिलाई संस्थान से ब्रह्माकुमारी आशा, उज्जैन से आमंत्रित ब्रह्माकुमारी उषा, इंदौर से ब्रह्माकुमारी शशि, जबलपुर से ब्रह्माकुमारी भावना, कोरबा से ब्रह्माकुमारी रुक्मिणी, रायगढ़ से ब्रह्माकुमारी चित्रा शामिल हुईं।

### व्यक्तित्व में जीवंतता और अपनापन

केटीयू के कुलपति प्रो. शर्मा ने कहा, कमला दीदी का जीवन लोगों को व्यक्ति से एक सरल और सहज मनुष्य बनने की प्रेरणा देता रहा। उनके व्यक्तित्व में जीवंतता और अपनापन हमेशा देखने को मिला। उनकी उपस्थिति मात्र से ही वातारण आनंदित-सा लगने लगता था। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गांव में सेवाकेंद्रों की स्थापना कर लोगों को मानवीय मूल्यों की शिक्षा देने में समर्पित किया। छग उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री चौरड़िया ने कहा, संस्थान द्वारा ज्ञान और योग की शिक्षा दी जाती है, जो व्यक्ति के जीवन में सुख और शांति लाते हैं। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नायक ने कहा, व्यक्ति का व्यक्तित्व ही आकर्षण का केंद्र होता है, जिसे देखने मात्र से ही व्यक्ति का तनाव कम होता है।

## धर्म लाइव

# भक्ति की परीक्षा और भगवान से जुड़ने का अवसर देती है विपत्ति



रायपुर। विजय चौक चंगोराभाठा स्थित मनोरम पैलेस में श्रीमद भागवत कथा में व्यासपीठ से पं. झम्मन शास्त्री ने प्रहलाद चरित्र, ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई। राजा बलि प्रसंग में कहा कि श्रद्धालुओं की भक्ति का पता विपत्तियों के समय ही चलता है। विपत्ति श्रद्धालुओं की भक्ति की परीक्षा भी है और अवसर भी है। भक्त प्रहलाद ने अपने पिता द्वारा किए गए अत्याचारों को भगवान के ऊपर विश्वास रखते हुए सहन किया। अंत में भगवान ने स्वयं प्रकट होकर अत्याचारी का अंत किया। हमें विपत्तियों में भगवान के परीक्षा को समझना चाहिए और भगवान पर विश्वास करना चाहिए।

### जनकल्याण पर भी करें खर्च

आज के समय में लोग तरह-तरह के यत्न करके पैसे कमा रहे हैं। यह भी नहीं देख रहे कि उस धन का क्या प्रभाव पड़ेगा, इसलिए जितना भी कमा रहे, उसका कुछ हिस्सा जनकल्याण में खर्च करें। भागवत कथा अमृततुल्य है। शास्त्रीजी ने कहा कि 18 पुराणों में वेद के मंत्रों की व्याख्या भगवान वेदव्यास ने की है। सत्य धाम व न्याय नीति की स्थापना के लिए भक्तों को संघर्ष करना चाहिए। वर्तमान समाज में द्वंद्व, संघर्ष, कलह, कटुता, द्वेष बढ़ रहा है, जो जहरतुल्य है। उन दस प्रवृत्तियों को रोकने के लिए सात्विक भावना से, सात्विक विचार से भागवत कथा सुनने व भागवत संकीर्तन की आवश्यकता है।

## आराधना

# ईमानदारी की कमाई से खरीदें सोना नहीं तो छिन जाएगी सुख-शांति



रायपुर। श्रीमद भागवत में जीवन जीने की कला निहित है। इसे सिर्फ कथा समझकर सुनने के बजाय जीवन का मूलमंत्र मानकर मनन करें। तभी कथा सुनने की सार्थकता सिद्ध होगी। कुछ इसी तरह के संवादों से बुधवार को प्रोफेसर कॉलोनी सेक्टर- 3 में जारी श्रीमद् भागवत कथा के दौरान वृंदावन से आए कथावाचक आचार्य मधुरमजी महाराज श्रोताओं से मुखातिब हुए। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग दो नंबर की कमाई से सोना खरीदते हैं, उनको यह जान लेना चाहिए कि सोने में कलयुग का वास होता है, इसलिए वह घर में अशांति का कारण बनेगा। सोना खरीदने के लिए एक नंबर की कमाई का उपयोग करें। इसके कई कारण बताते हुए महाराज ने कथा प्रसंगों का जिक्र करते हुए इसका दुष्प्रभाव भी श्रोताओं को बताए।

### छिन जाती है सुख-शांति

दूसरे दिन की कथा में मुख्य यजमान सुनीत प्रीति पांडे, जितेंद्र नीता सोनी ने शुकदेव पूजन किया। वहीं महाराज ने कहा कि ईमानदारी से कमाए गए धन से सुख-शांति मिलती है। इस सोने में भगवान का भी वास रहता है। गलत तरीके से कमाया गया धन कलयुग के प्रभाव में आने से अशांति का कारण बनता है। उन्होंने कुंती चरित्र के बाद भीष्म चरित्र का जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में लोग वचन पालन को महत्व नहीं देते हैं। वहीं भीष्म ने वचन पालन करने के लिए अंतिम क्षण तक संघर्ष किया।

● शहर के ऐसे युवाओं की उपलब्धियां जिन्होंने मेहनत और लगन से खुद को बनाया सफल

# युवा जोश... स्वामी विवेकानंद के आदर्शों ने बदला जीवन, खेल से लेकर पढ़ाई तक लहराया परचम

'बेटियां पढ़ाई ही नहीं, खेल के मैदान में भी खेलो इंडिया और आइटा जैसे बड़े प्लेटफार्म पर खेलते हुए छत्तीसगढ़ का मान बढ़ा रही हैं। नेशनल मैचों में खेलने के लिए देश के कई बड़े शहरों में बास्केटबॉल, लॉन टेनिस समेत तलवारबाजी जैसे जोखिम भरे खेलों में भी खुद को बेहतर साबित करते हुए गोल्ड मेडल जीत रही हैं। उनका कहना है कि बेहतर करने की सोचने और मेहनत करने से खेल के मैदान में बाजी मार सकते हैं।'



रायपुर। समय के साथ बेटियां अब स्कूल-कॉलेज की पढ़ाई के साथ खेल को कॅरियर के रूप में अपना रही हैं। ऐसे में उन बेटियों की उपलब्धियों को भी याद करना लाजिमी हो जाता है, जिनकी मेहनत और लगन से छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा है। स्कूल में पढ़ाई के लिए प्रवेश लेने के साथ ही जिन बेटियों ने खेल की अलग-अलग विधा को शौक के रूप में ही चुना, वह अब परिवार ही नहीं, बल्कि प्रदेश के लिए भी गरिमा का विषय बन चुका है। इसके बाद भी वे खेल के मैदान और कॉलेज का कोर्स करने के लिए तालमेल बनाने में भी सफल हैं। जबकि जाने कितने ही छात्र हर साल पढ़ाई में ही फेल होते हैं। वहीं बेटियों का रिजल्ट हर साल बेहतर ही होता जा रहा है।



### खेलने और जीतने का जुनून बना रहे



शहर की प्रियाल चौधरी का बास्केटबॉल के प्रति चौथी कक्षा से लगाव बढ़ा। अभी देवेंद्र नगर स्थित एक प्राइवेट कॉलेज से बीकॉम की पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने बताया कि खेल की इस विधा में मैं देश के लिए खेलना चाहती हूं। अभी तक चार बार स्कूल नेशनल, ओपन नेशनल और यूनिवर्सिटी की तरफ से भी नेशनल खेलने का अवसर मिला है। इसके लिए तमिलनाडु, कोयम्बटूर, मेघालय, बिहार में आयोजित मैचों में भी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करती रही हूं। इसमें दो बार गोल्ड, दो बार सिल्वर मेडल जीतने का भी अवसर मिला। जीतने के बाद जो खुद पर भरोसा और खुशी मिलती है। उस पल को हासिल करने के लिए अभी भी रोज पढ़ाई के साथ ही दो से तीन घंटे प्रैक्टिस करती हूं, ताकि खेलने और जीतने का जुनून बना रहे।



### देश के लिए खेलने का सपना

नवा रायपुर में प्राइवेट यूनिवर्सिटी से बीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई करने वाली युक्ति दुबे को तलवारबाजी का शौक तब से है, जब वे 10 साल की थीं। उन्होंने बताया कि मेरे इस शौक को परिवार के लोगों का भी सपोर्ट मिला। स्कूल से लौटने के बाद तीन से चार घंटे रोज प्रैक्टिस करती थीं। वही क्रम अभी तक दिनचर्या का हिस्सा बना हुआ है। कॉलेज से आने के बाद प्रैक्टिस के लिए जाने का सिलसिला जारी है। इसके चलते खेलो इंडिया के अलावा कटक, पटना, मणिपुर, नासिक, जम्मू, गुजरात, ग्वालियर और भिलाई में भी नेशनल मैचों में भाग ले चुकी हूं। अभी तक सात गोल्ड, तीन सिल्वर और दो कांस्य पदक जीतने का अवसर मिला है। प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के बाद देश के लिए खेलने का सपना है।



### खेल और पढ़ाई पर फोकस किया

लॉन टेनिस की खिलाड़ी जितेश्वरी साहू बीकॉम की छात्रा हैं। उन्होंने बताया कि इस खेल से मेरा नाता 12 साल की उम्र में बना। पहले तो स्कूल की पढ़ाई और प्रैक्टिस के लिए समय निकालने में थोड़ी दिक्कत रही, लेकिन जब स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी लेवल पर खेलने का अवसर मिला। तब खेल के प्रति एक जुनून पैदा हो गया। इसके बाद यहां-वहां समय बिताने के बजाय खेल और पढ़ाई पर फोकस करना शुरू किया। इससे आइटा में ऑल इंडिया लेवल पर खेलने के साथ ही खेलो इंडिया में भी खुद को साबित करने का अवसर मिला। इसके लिए कोलकाता, लखनऊ, भुनेश्वर, हरियाणा, मणिपुर, असम व बेंगलुरु में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। इसमें एक गोल्ड, तीन कांस्य और दो बार सिल्वर मेडल हाथ लगा।



# गीता का शुद्ध उच्चारण करने बच्चों को बताया तरीका, इससे मानसिक तनाव से मिलती है मुक्ति

रायपुर। छत्तीसगढ़ गीता परिवार की ओर से बुधवार को मोक्षदा एकादशी के अवसर पर गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। यह महोत्सव 15 दिसंबर तक चलने वाले गीता जयंती प्राकट्य दिवस के क्रम में आयोजित किया गया। इस वर्ष गीता परिवार ने संपूर्ण पखवाड़े तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में रायपुर गीता परिवार के तत्वावधान में 12वां आयोजन हुआ, जिसमें संपूर्ण गीता पारायण का किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ और इसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

मोक्षदा एकादशी एवं गीता जयंती महोत्सव



### बच्चों को संस्कारवान बनाने का प्रयास

आज के दौर में मानसिक तनाव और जीवन में सही दिशा-निर्देशन के लिए गीता परिवार सतत रूप से प्रयासरत है। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य समाज में गीता के अमूल्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। गीता परिवार द्वारा आयोजित यह महोत्सव न केवल आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम है, बल्कि मानसिक शांति, जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करने और बच्चों को संस्कारवान बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस आयोजन में गीता परिवार की छत्तीसगढ़ अध्यक्ष शशि बागड़ी, अध्यक्ष सीमा मिश्रा एवं साधक किरण जोशी, मंजूषा सिलेदार, पल्लवी साहू और मेघा खुसरे सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। गीता परिवार पिछले 40 वर्षों से गीताजी के शुद्ध उच्चारण का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ बच्चों के लिए बाल संस्कार वर्ग का भी संचालन कर रहा है।

# 43 व्यक्तियों का किया प्रकृति परीक्षण, खानपान की दी जानकारी

रायपुर। आयुष मंत्रालय का देशव्यापी अभियान देश का प्रकृति परीक्षण का आयोजन विभिन्न स्थानों में किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ दिनेश चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में डॉ पूजा सिन्हा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रो. वैद्य राकेश कुमार के सहयोग से 18 वर्ष प्लस के निवासियों के लिए प्रकृति परीक्षण शिविर का आयोजन किया किया गया। इस शिविर में कुल 43 व्यक्तियों का मोबाइल ऐप से प्रकृति परीक्षण किया गया। इस ऐप से आयुर्वेद विभाग द्वारा निवासियों को खान-पान, रहन-सहन की जानकारी उपलब्ध कराई जाते रहेगी।इस दौरान बताया गया कि हर व्यक्ति की प्रकृति अलग होती है, इसलिये प्रत्येक को उसकी प्रकृति के अनुसार एक जीवनशैली ऐप द्वारा उपलब्ध करवायी गयी। आयोजित इस शिविर में डॉ प्रशांत डांगे, अश्विनी देवदास, अशोक रावत, विजय बड़गे, राजीव वैष्णव, चन्द्रकांत यादव, अमित गुप्ता, सपना सिंह, यशोदा वैष्णव, शशि वर्मा, ममता गेडाम, एस. डी. रेड्डी, भागीरथी निर्मलकर, दिनेश सोनी सहित अन्य लोगों ने प्रमुख भूमिका निभायी।



## गोंडवाना महोत्सव में बच्चों और युवाओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति

# गीत-संगीत की तरंगों ने फिजा में घोली मिठास बच्चों ने वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी से किया चकित

कार्नर न्यूज

रायपुर। सितार की मधुर तरंगों और तबले की जुगलबंदी के साथ जब अच्युतम केशवम.., भजन पर वाद्ययंत्रों की ध्वनि लोगों के कानों तक पहुंची तो हर कोई इस प्रस्तुति को सुनने और देखने बेकरार हो गया। मौका था बीटीआई ग्राउंड में आयोजित गोंडवाना राष्ट्रीय आजीविका एवं सांस्कृतिक कला महोत्सव का। यहां बुधवार को कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम के वक्त मेले में खरीदारी के लिए पहुंचे लोगों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। वृद्धि मंडल ने तूने ओ रंगीला कैसा जादू किया.., तनीषा मंडल ने पल-पल दिल के पास.., उपासना मंडल ने ढाक बड़ा बंगाली.., गीत कांची ने अच्युतम केशवम.., वहीं विनायक त्रिपाठी जैनब फातिमा, दिव्यांशी इत्यादि बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुति दी।



### गीत-संगीत से बच्चों ने जीता दिल

प्रतिभागी बच्चे महोत्सव में अपना हुनर दिखा रहे हैं। बच्चों ने विभिन्न वाद्ययंत्र बजाकर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। इसमें शिवराज सिंह पटेल ने तबला वादन किया तो वहीं पलाश पांडे ने पियानो की प्रस्तुति से तालियां बटोरीं। भूपेश पंजवानी ने गिटार, इशिता विनय कुमार ने सिंथेसाइजर, रायना ने सिंथेसाइजर, मोक्ष ने पियानो, नचिकेत मिश्रा ने पियानो, रुद्रांश मिश्रा ने की-बोर्ड, अहाना अग्रवाल ने पियानो बजाकर कार्यक्रम को यादगार बनाया।

### छत्तीसगढ़ी गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति






मेले में भिलाई के धरती के बीज सेवा एवं कला संस्था ने छत्तीसगढ़ी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। सिंगर के गीतों पर नर्तकों ने नृत्य किया और सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसमें नंदकुमार वर्मा ने मोर संग चलव जी.., सुहाना वर्मा नंदकुमार ने अरपा पैरी के धार.., विष्णु साहू ने घर घर के दीया बाती.., सचिन सोनवानी ने सोने के नथनी मोर भरे.., विष्णु साहू और सुहाना वर्मा ए पान वाला बाबू.., जैसे गीतों पर सुमधुर प्रस्तुति दी।

## हेल्थ टिप्स

## ठंडे हो रहे हाथ और पैरों को इन ट्रिक्स से रखें गर्म मिलेगी सुकून की नींद



सर्दियों में हाथ-पैर ठंडा हो जाना आम है, लेकिन कुछ लोगों के हाथ-पैर गर्म होने का नाम ही नहीं लेते। चलिए आपको बताएं कि आपक किन ट्रिक्स की मदद से सुकून पान सकते हैं। जब सर्दी का मौसम शुरू होता है, तो अपने हाथों और पैरों को गर्म रखना बहुत चुनौतीपूर्ण स्थिति हो जाती है। ये अंग अक्सर ठंड को सबसे पहले महसूस करते हैं। इन अंगों को गर्म करना ज्यादा मुश्किल होता है।

सर्दियों में लोग रात में सॉक्स पहनकर पैरों को गर्म रखने का काम करते हैं, लेकिन सिर्फ सॉक्स पहनना ही काफी नहीं है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि आप शरीर के इन अंगों को गर्म कैसे कर सकते हैं।

### शरीर को गर्माहट पहुंचाने के लिए ढंग से लेयरिंग करें

सर्दियों में खुद को गर्म रखने का मूल मंत्र यही है कि अच्छे से कपड़े पहनें। अगर आप घर पर भी हैं, तो भी बढ़िया तरीके से लेयरिंग करें। पतले, नमी सोखने वाले दस्ताने पहनें। टी-शर्ट और मिट्टेंस पहनें। पैरों में थर्मल मोजे पहनें और ऊन से बने जूते पहनें। अपने शरीर को गर्म रखने से आपके शरीर के अंगों में रक्त संचार बनाए रखने में मदद मिलती है



### एक्टिव रहें

एक्टिव रहने से रक्त संचार बेहतर होता है, जो स्वाभाविक रूप से आपके अंगों को गर्म रखता है। चलने या दौड़ने से जैसे हल्के व्यायाम भी आपके हाथों और पैरों में रक्त प्रवाह को बढ़ा सकते हैं। चलना, जॉगिंग या स्ट्रेचिंग रक्त प्रवाह को उत्तेजित करने में मदद करती हैं। अपने हाथों और पैरों को गर्माहट पहुंचाने के लिए अपनी मुट्ठियों को बंद करना और खोलना या अपने टखनों को घुमाना जैसे हल्के व्यायाम आज़माएं। ये गतिविधियां कहीं भी करना आसान है।

### अपने हाथों और पैरों की मालिश करें

ठंड के दिनों में अपने हाथों और पैरों की मालिश करना उन्हें गर्म रखने का एक सरल लेकिन प्रभावी तरीका है। नियमित तेल मालिश रक्त परिसंचरण को उत्तेजित करती है, जिससे गर्म खून आपके शरीर में अच्छे से घूमता है। यह बेहतर परिसंचरण न केवल गर्मी बनाए रखने में मदद करता है बल्कि ठंड के मौसम में होने वाली सुन्नता और परेशानी को भी रोकता है। आप मेन्थॉल, नीलगिरी या दालचीनी जैसी सामग्री से युक्त वॉर्मिंग लोशन या तेल का उपयोग कर सकते हैं, जो गर्मी के एहसास को बढ़ाते हैं। अपनी हथेलियों या पैरों पर लोशन या तेल लगाएं और धीरे-धीरे गोलाकार गति में मालिश करें।

### टाइट कपड़े और एक्सेसरीज से बचें

गर्मी पाने के लिए टाइट दस्ताने, सॉक्स या कपड़े पहनकर रेस्ट न करें। इससे रक्त संचाप बाधित हो सकता है। उचित रक्त प्रवाह और इन्सुलेशन के लिए अच्छी तरह से फिट होने वाले लेकिन बहुत ज़्यादा तंग न होने वाले कपड़े चुनें।

### गर्म पानी की बोतल का इस्तेमाल करें

गर्म पानी की बोतलें सर्दियों में गर्म रहने के लिए एक आजमाया हुआ और बढ़िया उपाय है। बैठते या सोते समय अपने पैरों के पास गर्म पानी की बोतल रखकर, आप ठंड से बचने के लिए जल्दी से एक आरामदायक वातावरण बना सकते हैं। अपने हाथों को गर्म करने के लिए छोटे गर्म पैक का उपयोग किया जा सकता है। इस जुगाड़ को और भी कारगर बनाने के लिए, गर्म पानी की बोतल को लंबे समय तक गर्म रखने के लिए एक नरम कवर या तौलिये में लपेटें।

### घर पर बने गर्म पेय पदार्थ पिएं

अदरक, दालचीनी और हल्दी जैसी प्राकृतिक सामग्री से बने गर्म पेय पदार्थ आपको अंदर से बाहर तक गर्म रखने में मदद कर सकते हैं। ये मसाले अपने गर्मी पैदा करने वाले गुणों के लिए जाने जाते हैं, जो रक्त परिसंचरण को बढ़ाते हैं और सर्दियों के दौरान आपके शरीर को आरामदायक रखते हैं। सोने से पहले हर्बल चाय या मसालेदार दूध का एक गर्म कप न केवल आपके शरीर के तापमान को बनाए रखता है, बल्कि आराम को भी बढ़ावा देता है, जिससे रात को अच्छी नींद आती है। ऊन गीला होने पर भी गर्मी बरकरार रखता है, जिससे यह सर्दियों के कपड़ों के लिए एक बढ़िया फैब्रिक होता है।



ठंड के इस मौसम में हड्डियों और जोड़ों की परेशानी से राहत के लिए उठाएं कदम

# सर्दी के मौसम में बढ़ गई हैं गठिया की दिक्कतें घबराएं बिल्कुल नहीं इन उपाय से करें बचाव

सर्दियों के इस मौसम को सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। कम तापमान में कई वायरस सक्रिय हो जाते हैं जिसके कारण इंफ्लूएंजा और अन्य संक्रमण का खतरा तो बढ़ ही जाता है साथ ही साथ ये मौसम उन लोगों के लिए भी समस्याकारक है जो हड्डियों और जोड़ों की दिक्कत से परेशान हैं। ठंड के महीनों के दौरान, गठिया से पीड़ित लोगों की दिक्कतें ट्रिगर हो सकती हैं, जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है और आप अधिक असहज महसूस कर सकते हैं। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ ऐसे लोगों को सर्दियों के मौसम में विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं। ठंड के मौसम में साइनोवियल फ्लूड (दो हड्डियों के बीच में मौजूद एक पदार्थ) की मोटाई में बदलाव के कारण ये दिक्कतें होती हैं। साइनोवियल फ्लूड जोड़ों को सुचारू रूप से काम करने में मदद करती है। इस द्रव के गाढ़ा होने से जोड़ सख्त हो जाते हैं, जिससे उनमें दर्द और जकड़न की समस्या बढ़ सकती है। तो गठिया के शिकार लोगों को इस मौसम में क्या उपाय करने चाहिए? आइए जानते हैं।



### सर्दियों में गठिया की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ठंड के दिनों में गठिया की समस्या के बढ़ने का एक कारण यह भी है कि इस मौसम में अक्सर लोगों की शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है। व्यायाम कम करने और शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहने के कारण मांसपेशियों में कमजोरी और जोड़ों में अकड़न पैदा हो सकती है। सर्दियों में सूरज की रोशनी भी कम निकलती है जो विटामिन-डी का स्रोत है। विटामिन-डी की कमी हड्डियों के लिए बहुत नुकसानदायक है। इस तरह की स्थितियों में अपनी हड्डियों को स्वस्थ रखने और गठिया की दिक्कतों से बचे रहने के लिए आप पहले से ही कुछ प्रयास कर सकते हैं।

### ठंड से बचने का करें प्रयास

सर्दी के मौसम में अपने शरीर को गर्म रखना जोड़ों की समस्याओं से बचे रहने के लिए सबसे जरूरी है। शरीर को गर्म रखने के लिए इलेक्ट्रिक कंबल, रूम हीटर या वार्मर का उपयोग करें। सर्दियों में ऊनी कपड़े और थर्मल पहनें, विशेषकर जोड़ों को ढककर रखें। इन उपायों की मदद से जोड़ों की अकड़न से बचा जा सकता है। जोड़ों की गर्म सेकाई करना भी अच्छा विकल्प है, इसकी मदद से भी आप लक्षणों को बिगड़ने से रोक सकते हैं।

### नियमित व्यायाम जरूरी

नियमित व्यायाम की आदत संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है। इसकी मदद से जोड़ों की गतिशीलता को भी बनाए रखने में मदद मिलती है। अगर ठंड के कारण टहलना बहुत मुश्किल है, तो योग और स्ट्रेचिंग जैसे हल्के इनडोर व्यायाम करें। व्यायाम मांसपेशियों की ताकत और जोड़ों की गतिशीलता को बनाए रखने में मदद करते हैं। डॉक्टर कहते हैं, जो लोग नियमित व्यायाम करते हैं उनमें गठिया या इसके कारण होने वाली समस्याओं का जोखिम कम होता है।

### पर्याप्त नींद और उपचार पर दें ध्यान

जोड़ों को स्वस्थ रखने और गठिया की समस्या को बढ़ने से रोकने के लिए शरीर को पर्याप्त आराम देना और हर रात 6 से 8 घंटे सोना भी बहुत आवश्यक है। अच्छी नींद समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह सूजन संबंधी प्रतिक्रियाओं को कम करने में भी मददगार है जिससे गठिया के लक्षणों को कम किया जा सकता है।





## सोशल मीडिया का अत्यधिक इस्तेमाल बढ़ा रहा 'ब्रेन रोट'

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने साल 2024 के लिए 'ब्रेन रोट' शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया है। शॉर्टलिस्ट किए गए छह शब्दों में से इसे 37,000 से अधिक वोट मिले। ब्रेन रोट शब्द सोशल मीडिया पर अत्यधिक मात्रा में मौजूद दोयम दर्जे वाले कंटेट के कारण होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर चिंता को दर्शाता है।

मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल को लेकर विशेषज्ञ चिंता जताते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षो, विशेषकर कोरोना के बाद से सोशल मीडिया का इस्तेमाल काफी बढ़ गया है। कई रिपोर्ट्स में इस बात को लेकर चिंता जताई जाती रही है कि जिस तरह से सोशल मीडिया पर 'हल्के स्तर' के कंटेंट बढ़ रहे हैं, इसका सभी आयु वर्ग के लोगों के मस्तिष्क पर नकारात्मक असर हो रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों और वयस्कों के दिन का एक बड़ा समय मोबाइल फोन को स्क्रॉल करने और सोशल मीडिया पर बीतता है, जिसका उनके मानसिक स्वास्थ्य पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

इसी संबंध में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने साल 2024 के लिए 'ब्रेन रोट' शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया है। शॉर्टलिस्ट किए गए छह शब्दों में से इसे 37,000 से अधिक वोट मिले।

ब्रेन रोट शब्द सोशल मीडिया पर अत्यधिक मात्रा में मौजूद दोयम दर्जे वाले कंटेट के कारण होने वाले मानसिक दुष्प्रभावों को लेकर चिंता को दर्शाता है। ऑक्सफोर्ड के विशेषज्ञों ने पाया कि ब्रेन रोट शब्द ने इस वर्ष काफी ध्यान आकर्षित किया। साल 2023 से 2024 के बीच निम्न स्तरीय कंटेट में 230 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है।


### ब्रेन रोट- तेजी से बढ़ती समस्या

विशेषज्ञों ने ब्रेन रोट शब्द को किसी व्यक्ति की मानसिक या बौद्धिक स्थिति में गिरावट के रूप में परिभाषित किया है, विशेष रूप से लो लेवल के ऑनलाइन कंटेंट के अत्यधिक उपभोग के कारण होने वाली गिरावट। यह इस बारे में चिंताओं को भी दर्शाता है कि कैसे बिना सोचे-समझे स्क्रॉल करना या हल्के स्तर की जानकारी के संपर्क में आना मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल रहा है।

### क्या कहते हैं मनोचिकित्सक

भोपाल स्थित एक अस्पताल में वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी कहते हैं, समय के साथ ब्रेन रोट के कारण मानसिक स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। निरंतर लो लेवल के कंटेट देखना मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। इसकी वजह से हमारा मस्तिष्क नए विचार उत्पन्न करने के बजाय बाहर की जानकारी को अवशोषित करने का अधिक आदी हो जाता है। ये मस्तिष्क की स्वाभिवक प्रक्रिया को भी बाधित करने वाला हो सकता है, जिस वजह से दीर्घकालिक रूप में गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

# क्या सुबह की पूजा के बाद भी करनी चाहिए आरती?



शास्त्रों में आरती करने के तीन प्रमुख समय बताए गए हैं। यह समय हैं प्रातः काल, संध्या काल और रात्रि काल। प्रातः काल यानी कि सुबह के समय मंगला आरती होती है, संध्या काल यानी कि सूर्यास्त के समय संध्या आरती की जाती है और रात्रि काल यानी कि भगवान को सुलाते समय शयन आरती करते हैं।

हालांकि शास्त्रों में यह बताया गया है कि तीनों आरती तब की जाती है जब मंदिर में आरती हो रही हो यानी कि सुबह, शाम और रात की आरती किसी भी देवी-देवता की मंदिर प्रांगण में करना उचित माना गया है। वहीं, गृहस्थ लोगों के लिए सिर्फ संध्या आरती करना ही मान्य है और यह मंगलकारी सिद्ध होता है। असल में सुबह पूजा का समय शास्त्रों में ब्रह्म मुहूर्त माना गया है। यानी कि सुबह की पूजा हमेशा ब्रह्म मुहूर्त में करनी चाहिए। अब आज के समय में कई कारणों से गृहस्थ लोगों के लिए यह संभव नहीं कि वह ब्रह्म मुहूर्त में पूजा कर आरती करें। ऐसे में गृहस्थियों के लिए संध्या आरती करना ही उचित माना गया है।

शास्त्रों में यह भी वर्णित है कि आप सुबह के समय पूजा कभी भी कर सकते हैं दोपहर के 12 बजे से पहले लेकिन सुबह पूजा के बाद अगर आप आरती करते हैं तो इससे आपकी पूजा खंडित हो जाती है क्योंकि ब्रह्म मुहूर्त की आरती ही धर्म ग्रंथों एवं शास्त्रों में सुबह की पूजा के बाद श्रेष्ठ मानी गई है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
ALERT SGS PVT. LTD.
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com 7746000016,7747000019

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम) गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया, बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

SM@RT SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com
0771-2433880
Fire Detection · Boom Barrier Gate Automn · Audio Conf · Smart Class Set up · Walky Talky · Smart Interative Panle

मेन्स वियर मेला BRAND BAZAR INTERNATIONAL BRAND
होलसेल से भी कम रेट में! इससे अच्छा और सस्ता कहीं नहीं!
• जींस • टी-शर्ट • शर्ट • लोअर • बरमूडा
मानसरोवर छत्तीसगढ़ का पहला मेन्स होलसेल हब जहाँ बड़े इंटरनेशनल ब्रांड के
आज ही विजिट करें:
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर 7880002712 7880002704
मानसरोवर

पिकनिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक
बारनावापारा, सिरपुर में पिकनिक प्रति व्यक्ति केवल 650/- में
नाश्ता - दोपहर का लंच, शाम की चाय (मिनिमम 50 व्यक्तियों हेतु)
आओ और अपने परिवार और मित्रों के साथ एक यादगार दिन बिताएं!
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now ▪ KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
भामरा गार्डन बारनवापारा
9589386162

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755 गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

विक्ट्री इलेक्ट्रिक VICTORY
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा, बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
एक बार चार्ज होने पर 100 से 120 किमी. चलती जाएं
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ विक्ट्री इलेक्ट्रिक पर
पॉवर सॉल्यूशन हुण्डई शो रूम के पास, रिंग रोड नं. 1 कुशालपुर, रायपुर (छ.ग) 6263745853 9827129838

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

GK TMT सपनों को जीके देखो
श्रीनाथ ट्रेड लिंक के सौजन्य से
दुर्गा मंदिर के पास मेन रोड डुंडा, रायपुर मो. 98271-34515 89592-22666
लकी ड्रॉ 31 मार्च 2025 को
150 बंडल जीके टीएमटी की खरीदी पर आकर्षक उपहार
प्रथम प्राइस 265 लीटर डबल डोर फ्रिज
द्वितीय प्राइस टॉप लोड वाशिंग मशीन
अन्य प्रतिभागी जो 150 बंडल टीएमटी उठा चुके हैं उनके लिए अन्य आकर्षक उपहार

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एमसीयू में कैप्टन अमेरिका फेम क्रिस इवांस की वापसी, 'एवेंजर्स डूम्सडे' में नजर आएंगे



क्रिस इवांस मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) दमदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस बार वह जो और एंथनी रूसो के निर्देशन में बन रही फिल्म 'एवेंजर्स डूम्सडे' में नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म में क्रिस किस किरदार में होंगे यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। सूत्रों का कहना है कि एंथनी मैकी का सैम विल्सन कैरेक्टर भी इस फिल्म में कैप्टन अमेरिका के रूप में वापसी करेगा, जिसकी वजह से क्रिस इवांस के कैप्टन अमेरिका के कॉस्ट्यूम में दिखने की संभावना थोड़ा कम ही नजर आ रही है। फिर भी अगर वह फिल्म में क्रिस रोजर्स के रूप में वापसी करते हैं तो यह चौंकाने वाली बात नहीं होगी। हाल ही में क्रिस इवांस ने एमसीयू की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली आर-रेटेड फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' में एक विशिष्ट किरदार निभाया था। इस फिल्म में उन्होंने अपने पुराने कैरेक्टर जॉनी स्टॉर्म को फिर से निभाया, जो 'फैंटास्टिक फोर' फिल्मों में उनका किरदार था। क्रिस इवांस का स्टीव रॉजर्स वाला कैरेक्टर आखिरी बार रूसो ब्रद्रर्स की निर्देशित फिल्म 'एवेंजर्स- एंडगेम' में दिखा था। इससे पहले डेडलाइन की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि रूसो ब्रदर्स इस फिल्म में कई एमसीयू के पुराने और पसंदीदा किरदारों की वापसी देखने को मिलेगी। जुलाई में सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में जो जानकारी दी गई थी, उसके अनुसार, रॉबर्ट डाउनी जूनियर डॉ. डूम की भूमिका निभाएंगे। इस फ्रेंचाइजी में अपनी वापसी को लेकर क्रिस इवांस ने पहले ही स्पष्ट रूप से कहा था कि वह केवल एक मजबूत कारण के साथ ही एमसीयू में लौटेंगे। 'एवेंजर्स डूम्सडे' में 'फैंटास्टिक फोर' के नए सितारे पेड्रो पास्कल, जोसेफ क्विन, वनेसा किर्बी और एबोन मोस-बैकरेक भी नजर आएंगे।

### टॉलीवुड

## स्वीनी के साथ अभिनय करेंगे धनुष, नए प्रोजेक्ट की तैयारी



अभिनेता और फिल्म निर्माता धनुष कई परियोजनाओं में व्यस्त हैं, जिनमें तेलुगु फिल्म कुबेरा, उनकी तमिल निर्देशित परियोजनाएं नीलावु एनमेल एन्नाडी कोबाम और इडली कड़ाई, हिंदी फिल्म तेरे इश्क में और तमिल फिल्म इलैयाराजा बायोपिक शामिल हैं। वहीं, अब अभिनेता की नई फिल्म के बारे में जानकारी सामने आई है। अब धनुष के प्रशंसकों के लिए एक अच्छी खबर है कि अभिनेता रूसो ब्रदर्स की द ग्रे मैन के साथ अपनी शुरुआत के बाद अपनी दूसरी हॉलीवुड फिल्म में अभिनय करने के लिए तैयार हैं। धनुष के बारे में नई खबरें हैं कि उन्होंने अपनी दूसरी हॉलीवुड फीचर फिल्म साइन कर ली है। इस बार वह अभिनेता सिडनी स्वीनी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे, जो वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड और मैडम वेब जैसी फिल्मों में दिखाई दिए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस प्रोजेक्ट का नाम स्ट्रीट फाइटर है और इसे सोनी प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित किया जाएगा। फिल्म के इसी नाम के एक वीडियो गेम पर आधारित होने की उम्मीद है और इसे 2026 में मार्च में रिलीज किया जाएगा। हालांकि, इस प्रोजेक्ट के बारे में आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। साथ ही कलाकारों और क्रू के सदस्यों के बारे में भी। धनुष हॉलीवुड के लिए कोई नया चेहरा नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने 2022 की एक्शन थ्रिलर फिल्म द ग्रे मैन से अपनी शुरुआत की थी।

### ओटीटी

## छत्तीसगढ़ के शिराज की ओटीटी पर साइको थ्रिलर 'सेन', विक्रम ने की तारीफ



छत्तीसगढ़ की इस्पात नगरी भिलाई में पले बढ़े और विगत 4 दशक में फिल्म नगरी मुंबई में स्थापित लेखक व निर्देशक शिराज हेनरी की नई फिल्म सेन (SANE) 13 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफार्म एमवीएफ प्लेयर पर रिलीज हो रही है। कंटेंट किंग्स की प्रस्तुति इस फिल्म का प्रीमियर 8 दिसंबर को मुंबई के इम्पा थिएटर में हुआ। जहां इसे चुनिंदा और प्रतिष्ठित दर्शकों के बीच बेहद प्रशंसा मिली। इस प्रीमियर में बीते दौर की सुपरहिट फिल्म ₹जूली₹ सहित कई प्रमुख फिल्मों में अभिनय करने वाले अभिनेता विक्रम खास तौर पर शामिल हुए। विक्रम ने लेखक-निर्देशक शिराज हेनरी के काम की भरपूर तारीफ की और उम्मीद जताई कि ओटीटी प्लेटफार्म पर शिराज की इस फिल्म को दर्शक पसंद करेंगे। शिराज हेनरी ने बताया कि उनकी फिल्म सेन (SANE) एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है जो इंसान के मन की कोमलता, भरोसे और वास्तविकता व भ्रम की धुंधली सीमा को गहराई से परखती है। अपने डर और सच्चाई का सामना कर रही नायिका आना के इर्द-गिर्द इस फिल्म की कहानी बुनी गई है। फिल्म में पूजा जोसेफ, अविनाश भार्गव, संदीप मलानी, डॉ. शितिज शाह, के. वेंकट रमेश, सुजीत, और हितेश जैसे कलाकारों ने शानदार अभिनय किया है। फिल्म के लेखक, निर्देशक और एडिटर शिराज़ हेनरी हैं, जबकि साउंड मिक्सिंग का काम प्रभात सिंह ने किया है। फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक भी शिराज़ हेनरी ने तैयार किया है। नागालैंड के प्रतिभाशाली गायक एन.के. नागा ने इसमें एक गाने ₹वादा है मेरे हमसफर₹ में अपनी आवाज का जादू बिखेरा है। फिल्म का निर्माण रेबेका चांगकिजा सेमा ने किया है और इसे पैनासोनिक 6 के कैमरा पर शूट किया गया है, जो इसे एक अद्वितीय दृश्य अनुभव बनाता है। उल्लेखनीय है कि यह कहानी शिराज़ हेनरी की रचनात्मकता का प्रमाण है, उन्होंने इसके पहले ₹टोनही₹, ₹बियॉन्ड द थर्ड काइंडर₹, ₹लिटिल बॉयर₹, ₹मेकैनिक दादा₹, और ₹फिल्मी रासलीला₹ जैसी प्रशंसित फिल्में दी हैं। शिराज ने बताया कि उनकी इस फिल्म का अंग्रेजी संस्करण 2025 में दुनिया भर के 30 से अधिक प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाएगा।


### सर्दी का जलवा

लाइफ स्टाइल



बर्फबारी की ठंड में पेरिस ने फैशन वीक की मेज़बानी की। जिसमें इस मौसम में पुरुषों के लिए तैयार- पहनावे के रुझानों को डिजाइनरों ने दिखाया। फैशन प्रेमियों के लिए लुई वुइटन, गिवेंची, डायर और हर्मीस जैसे प्रतिष्ठित डिजाइनर सहित बड़ी तादाद में फैशन प्रेमियों ने इन शो की शोभा बढ़ाई। यहां दिखाए गए कलेक्शन को फैशन प्रेमियों ने खूब सराहा।

## सिर पर जमी डैंड्रफ की परत को एक हफ्ते में साफ कर देंगे ये नुस्खे



डैंड्रफ एक ऐसी समस्या है, जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसकी वजह से बहुत से लोग तो काले रंग के कपड़े पहनना तक बंद कर देते हैं, क्योंकि रूसी उन कपड़ों पर झड़कर लोगों को शर्मिंदा करती है। खासतौर पर अब जब सर्दी का मौसम शुरू हो गया है तो हर दूसरा व्यक्ति इस परेशानी से जूझ रहा है। वैसे तो डैंड्रफ हटाने के लिए कई तरह के हेयर केयर ट्रीटमेंट आते हैं, लेकिन ये जेब पर गहरा प्रभाव डालते हैं।

इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से एक हफ्ते में सिर पर जमी डैंड्रफ की परत कम हो जाएगी। अगर आपके सिर पर रूसी काफी ज्यादा है तब एक हफ्ते में इसका कम होना मुश्किल है, लेकिन हां आपको इसका अच्छा असर ही देखने को मिलेगा।

### नींबू और नारियल तेल का उपयोग

यदि आपको नींबू सूट करता है तो आप 2-3 चम्मच नारियल तेल में आधा नींबू का रस मिलाएं। इसे अपनी स्कैल्प पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 30 मिनट बाद हल्के शैंपू से बाल धो लें। नींबू का रस फंगस को खत्म करने में मदद करता है और नारियल तेल स्कैल्प को मॉइश्चराइज करता है।

### टी ट्री ऑयल का उपयोग

टी ट्री ऑयल को कभी भी सीधा बालों में न लगाएं। इस्तेमाल के लिए इसकी 2-3 बूंदें टी ट्री ऑयल शैम्पू में मिलाकर बाल धोएं। टी ट्री ऑयल में एंटी-फंगल गुण होते हैं जो डैंड्रफ को तेजी से कम करते हैं।

### एप्पल साइडर विनेगर

विनेगर यानी कि सिरके के इस्तेमाल से भी आप सिर पर जमी रूसी को कम कर सकते हैं। इसके लिए बराबर मात्रा में पानी और एप्पल साइडर विनेगर मिलाएं। इस मिश्रण को स्कैल्प पर स्प्रे करें और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर अपने बालों को धो लें।

## सर्दियों में ऐसे पहनें साड़ी, ठंड से बचेंगे और लुक भी दिखेगा शानदार



फैशन



साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे महिलाएं हर जगह काफी मन से पहनती हैं। खासतौर पर जब शादी-विवाह की बारी आती है तब तो महिलाएं साड़ी पहनना ही सबसे ज्यादा पसंद करती हैं, लेकिन जब भी सर्दी का मौसम आता है, तब महिलाएं साड़ी पहनने से कतराती हैं। साड़ी में ठंड काफी ज्यादा लगती है, क्योंकि इसके साथ महिलाएं स्वेटर नहीं पहनतीं।

यदि आप भी उन्हीं महिलाओं में से हैं, जिन्हें साड़ी पहनना पसंद है लेकिन सर्दी के कारण नहीं पहन रहीं तो हम आपको इसका हल बताने जा रहे हैं। हम यहां आपको साड़ी पहनने के कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनको फॉलो करने के बाद आपको जरा सी भी सर्दी नहीं लगेगी। इन टिप्स को फॉलो करके आपका लुक भी स्टाइलिश लगेगा।

### फुल स्लीव्स ब्लाउज पहनें

सर्दी के मौसम में आप गर्म कपड़े (जैसे वूलन या सिल्क) से बने फुल स्लीव्स ब्लाउज साड़ी के साथ पहन सकती हैं। आजकल तो बाजार में हाई नेक या टर्टल नेक डिजाइन वाले ब्लाउज भी मिलते हैं जोकि ठंड से बचाने और फैशनेबल लुक के लिए बेहतरीन माने जाते हैं।

### शॉल इस्तेमाल करें

अपनी साड़ी के साथ मैचिंग या कंट्रास्ट वूलन शॉल कैरी करें। इसे स्टाइलिश तरीके से कंधे या पल्लू पर ड्रेप करें। बाजार में आजकल हर डिजाइन और रंगों की शॉल बाजार में मिलती है, जिसे आप अपनी साड़ी के साथ कैरी कर सकती हैं।

### जैकेट के साथ साड़ी

साड़ी के साथ एक खूबसूरत फिटेड ब्लेजर, लॉन्ग कोट या क्रॉप्ड जैकेट पहनें। यह वेस्टर्न और ट्रेडिशनल लुक का परफेक्ट कॉम्बिनेशन देगा। जैकेट या ब्लेजर तभी कैरी करें, जब आप पल्लु को अंदर ड्रेप कर रही हैं।

## स्टाइल करेंगी ये ब्यूटीफुल डिजाइंस वाली चूड़ियां, निखरेगी खूबसूरती भी

चूड़ी आपके आउटफिट को कम्पलीट करने और स्टाइलिश लुक देने का काम करता है। वहीं अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप ये लेटेस्ट डिजाइंस वाली चूड़ी साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। ट्रेडिशनल आउटफिट में जहां आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम ज्वेलरी करती हैं। तो वहीं चूड़ी भी है जिन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आता हैं। चूड़ी आपको कई सारे डिजाइन में मिल जाएंगे। लेकिन, अगर आप साड़ी में स्टाइलिश और रॉयल लुक चाहती हैं तो आप ये न्यू डिजाइंस वाली चूड़ियां साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की चूड़ियां आपके लुक को रॉयल बनाने में मदद करेंगी तो वहीं लुक भी खूबसूरत नजर आएगा।

### कुंदन वर्क चूड़ी

इस तरह की चूड़ी आप अपने आउटफिट के मैच करके स्टाइल कर सकती हैं। इन चूड़ी में कुंदन साथ ही सिल्क थ्रेड वर्क किया है जो साडी में आपके लुक को रॉयल देगा। इस तरह की चूड़ी आप डार्क कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं और ये चूड़ी आपको 500 रुपये की कीमत में मिल सकती हैं।



### मोती वर्क चूड़ी

रॉयल लुक पाने के लिए आप लाइट कलर की साड़ी के साथ इस तरह की मोती वर्क वली चूड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इन चूड़ी में बेहह खूबसूरत वर्क किया है और साथ में लटकन भी है। इस तरह की चूड़ी को स्टाइल करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आएगा और इस चूड़ी को ऑनलाइन या ऑफलाइन सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

### वेलवेट मेटल वर्क डायमंड वर्क चूड़ी

यह चूड़ी आप पस्टेल कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।यह चूड़ी में वेलवेट और मेटल में है और इनमे बेहद ही खूबसूरत डायमंड वर्क किया हुआ है। इस तरह क चूड़ी को स्टाइल करने के बाद साड़ी में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

## सर्दियों में मक्खन जैसी मुलायम हो सकती हैं आपकी फटी एड़ियां

सर्दियों का मौसम आते स्किन ड्राई होने लगती है। इसपर कुछ भी लगाया लिया जाए कुछ देर बाद वहां की त्वचा फिर रूखी हो जाती है। सर्दियों में एड़ियों का फटना एक आम समस्या है। इस मौसम में यह समस्या अधिकतर बहुत से लोगों के साथ देखने को मिलती हैं। फटी एड़ियों की दिक्कत ज्यादातर उन लोगों में देखने को मिलती है। जिनकी स्किन बहुत ही ज्यादा संसटिव होती है या जो लोग ज्यादा देर पानी में काम करते है। इसके अलावा सर्द-गर्म की वजह से भी स्किन क्रेक होने लगती है। ऐसे में इन लोगों को थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत होती है।

यदि आपके साथ ही सर्दी के दिनों में एड़ी फटने जैसी दिक्क्त होती है, तो आज हम आपको एक आसान सा उपाय बताने जा रहे हैं। इस नुस्खे को मेरी मम्मी ने आजमाया हुआ है। आप भी इसको अपनाकर अपनी खराब से खराब एड़ियों को एकदम बटर की तरह मुलायम बना सकती हैं। बस आपको इसे रोजाना ट्राई करना होगा। तब जाकर आपको इसका असर दिखेगा।



**ग्लिसरीन में यह एक चीज मिलाकर लगाने से होंगी मुलायम:** शायद आप में से अधिकतर सभी लोगों ने ग्लिसरीन का यूज तो किया ही होगा। ग्लिसरीन को हम मुंह के छाले से लेकर स्किन को मुलायम बनाने के लिए करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस ग्लिसरीन की मदद से आप फटी हुई एड़ियों को एकदम सॉफ्ट बना सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### सर्द मौसम में सही थर्मल वियर खरीदना समझदारी की बात

## ठंड से बचने थर्मल वियर खरीदते इन बातों का रखें ध्यान, मिलेगी भरपूर राहत

*ठंड के मौसम में थर्मल वियर का चुनाव करना बेहद महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यह आपके शरीर को गर्म रखने और ठंड से बचाने में मदद करता है। ऐसे में थर्मल वियर खरीदते वक्त इन बातों का ध्यान अवश्य रखें। सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में हर कोई ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े खरीद रहा है। इस मौसम में ठंड से बचने के लिए लोग थर्मल वियर जरूर खरीदते हैं। थर्मल वियर शरीर की गर्मी को अंदर बनाए रखता है और बाहर की ठंडी हवा को रोकता है। ये अन्य भारी कपड़ों की तुलना में हल्के और पहनने में आरामदायक होते हैं।*



**सही हो फैब्रिक :** यदि आप बेहद ठंडे इलाके में रहते हैं, तो मिक्स्ड वूल वाले थर्मल बेहतर रहेंगे। ये अधिक गर्माहट देते हैं। हल्की ठंड के लिए कॉटन मटैरियल आरामदायक होता है, लेकिन यह बहुत अधिक गर्म नहीं होता। पॉलिएस्टर और स्पैन्डेक्स मिश्रित थर्मल वियर हल्के और फ्लेक्सिबल होते हैं, और ये नमी सोखने में मदद करते हैं।

**साइज होना चाहिए सही:** थर्मल वियर का साइज सही होना चाहिए। ये न तो न बहुत टाइट होना चाहिए और न बहुत ढीला, क्योंकि अधिक टाइट थर्मल पहनने से रक्त संचार प्रभावित हो सकता है, जबकि ढीला थर्मल शरीर को सही तरीके से गर्म नहीं रख पाएगा।

**डिजाइन पर ध्यान दें:** थर्मल वियर की लेयर्ड संरचना ज्यादा बेहतर मानी जाती है। अंदर की परत गर्मी को लॉक करती है, और बाहरी परत.ठंडी हवा को अंदर आने से रोकती है। यदि लेयर्ड संरचना नहीं होगी तो आप ठंड में परेशान हो सकते हैं।

**वजन और मोटाई का ध्यान रखें:** अक्सर लोगों को लगता है कि थर्मल वियर मोटा होना चाहिए, जबकि अत्यधिक मोटा थर्मल वियर पहनने में असुविधाजनक हो सकता है। हल्के वजन का और पतले मटीरियल वाला थर्मल बेहतर विकल्प है, क्योंकि इसे अन्य कपड़ों के नीचे आसानी से पहना जा सकता है।

**सीमलेस डिजाइन का चयन करें:** सीमलेस थर्मल वियर त्वचा पर रगड़ पैदा नहीं करता और पहनने में अधिक आरामदायक होता है। यदि ये सीमलेस नहीं होगा, तो इसे पहनकर आपको असुविधा हो सकती हैं।

**ऐसे करें थर्मल वियर की देखभाल:** थर्मल वियर को खरीदने के बाद आपको इसका देखभाल भी सही से करनी चाहिए। इसे हमेशा हल्के डिटर्जेंट से धोएं। बाजार में इसके लिए अलग से लिक्विड डिटर्जेंट आते हैं। धोने के बाद इसे सीधे धूप में न सुखाएं। बाकि मटैरियल के अनुसार निर्देशों का पालन करें।

